दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

अमन लेखनी



नई नवेली ने जीता दिल या किया निराश?

दिल्ली की तंग गलियों में सुलझाएंगे जुर्म की गुत्थी

वर्ष : 12 | अंक : 292 | लखनऊ, 19 अक्टूबर, सोमवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

खबर संक्षेप

असम में 7.5 करोड़ की याबा गोलियां जब्त

गुवाहाटी। असम के कामरूप जिले में पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने 30 हजार प्रतिबंधित याबा गोलियां जब्त की हैं। इनकी कीमत करीब 7.5 करोड़ रुपए बताई गई है। मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर शनिवार रात अमीनगांव इलाके में अभियान चलाया गया। इस दौरान मादक पदार्थों की खेप ले जा रहे एक व्यक्ति को रोका गया। याबा गोलियों को थाई भाषा में 'क्रेजी मेडिसिन' भी कहा जाता है।

ओडिशा एसआई परीक्षा पेपर लीक, जांच तेज

भुवनेश्वर। ओडिशा पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा-2024 के प्रश्नपत्र लीक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जांच का दायरा बढ़ाएगा। एजेंसी अब ओडिशा पुलिस भर्ती बोर्ड (ओपीआरबी) के कुछ अधिकारियों और निजी संस्थाओं की भूमिका की भी जांच करेगी। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि ईडी अभ्यर्थियों से कथित तौर पर वसूली गई रकम के लेन-देन और उससे बनाई गई अवैध संपत्तियों का पता लगा रही है। धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत कुर्क की जा सकती हैं।

जुबीन मौत मामलाःकोर्ट में चुनौती देगी सीआईडी



गुवाहाटी। असम सीआईडी मशहूर गायक जुबीन गर्ग की मौत के मामले में दो आरोपियों को जमानत दिए जाने के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने जा रही है। सीआईडी के विशेष पुलिस महानिदेशक मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने बताया कि गुवाहाटी उच्च न्यायालय के आदेशों का अध्ययन करने और कानूनी राय लेने के बाद यह फैसला किया गया है। जमानत पाने वालों में गर्ग के चचेरे भाई और एक अन्य गायिका अमृतप्रभा महंत तथा निलंबित पुलिस उपाधीक्षक संदीपन गर्ग शामिल भी हैं।

बहुपक्षीय सहयोग होगा मजबूत

एससीओ बैठक में शामिल होने आज ताजिकिस्तान जाएंगे रक्षामंत्री राजनाथ

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह 19-20 अक्टूबर को दुशाबे में एससीओ शासनाध्यक्षों की 25वीं बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। व्यापार, कनेक्टिविटी और इनोवेशन सहयोग पर फोकस रहेगा...

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ नई दिल्ली,



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 19-20 अक्टूबर को ताजिकिस्तान के दुशांबे में शंघाई सहयोग संगठन के शासनाध्यक्षों की परिषद की 25वीं बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह बैठक सदस्य देशों के बीच बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर केंद्रित रहेगी। व्यापार, अर्थव्यवस्था, निवेश, कनेक्टिविटी, और सांस्कृतिक-मानवीय आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों पर विशेष जोर दिय जाएगा।

क्षेत्रीय सहयोग के लिए अवसर

यह बैठक उस समय हो रही है जब वैश्विक स्तर पर आर्थिक अनिश्चितताएं और भू-राजनीतिक चुनौतियां बनी हुई हैं। एससीओ सदस्य देशों के बीच आपसी निर्भरता बढ़ाने और बाहरी दबावों से निपटने का एक मंच उपलब्ध कराता है। भारत के लिए यह मौका है कि वह अपने डिजिटल अनुभव, स्टार्टअप इकोसिस्टम और इंफ्रास्ट्रक्चर विशेषज्ञता को साझा करे। साथ ही मध्य एशियाई देशों के साथ कनेक्टिविटी बढ़ाने के प्रयासों को आगे बढ़ाए।समग्र रूप से राजनाथ सिंह का यह दौरा भारत की बहुपक्षीय कूटनीति और क्षेत्रीय सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। बैठक के नतीजे संगठन की कार्यप्रणाली को और प्रभावी बनाने में मददगार साबित हो सकते हैं।

क्षेत्रीय सहयोग बढ़ा रहा भारत

भारत एससीओ के विभिन्न तंत्रों में सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। स्टार्टअप और इनोवेशन, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर तथा लोगों के बीच आदान-प्रदान जैसी पहलों के जरिए भारत क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा दे रहा है। बैठक में भारत अन्य सदस्य देशों के साथ व्यावहारिक और परस्परिक लाभकारी सहयोग बढ़ाने पर विचार विमर्श करेगा। कनेक्टिविटी परियोजनाएं, आर्थिक एकीकरण और सांस्कृतिक संबंध मजबूत करने के लिए भारत के सुझाव महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। ताजिकिस्तान जैसे मध्य एशियाई देश के साथ भारत के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध भी इस दौरे को अतिरिक्त महत्व देते हैं। एससीओ मंच पर भारत क्षेत्रीय स्थिरता, आतंकवाद विरोधी सहयोग और सतत विकास जैसे मुद्दों पर अपना पक्ष रखता रहा है। राजनाथ सिंह की उपस्थिति सुरक्षा आयाम को भी बल देगी, भले ही बैठक मुख्य रूप से आर्थिक एजेंडे पर हो।

सुरक्षा जांच के बाद एनओसी जारी

रामलीला मैदान में 1 नवंबर को होगी कांग्रेस की रैली, दिल्ली पुलिस ने दी हरी झंडी

25 अक्टूबर से 3 नवंबर तक रामलीला मैदान खाली बताया गया

फाइल फोटो

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कांग्रेस पार्टी की ओर से 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली का एलान किया गया है। हालांकि दिल्ली में लगातार चल रहे विरोध-प्रदर्शनों की वजह से व्यापारियों और आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में इस रैली का होना मुश्किल माना जा रहा था, लेकिन इसी बीच दिल्ली पुलिस ने रैली करने की अनुमति दे दी है। साथ ही एनओसी भी जारी कर दी गई है। दिल्ली में विरोध-प्रदर्शनों के लिए निर्धारित जगहों की लिस्ट से जंतर-मंतर को हटाए जाने के बाद कांग्रेस ने रामलीला मैदान में रैली की अनुमति मांगी थी। जिसके बाद लिए उन्हें अनुमति दे दी गई है और अगर यह रैली सफल तरीके से होती है तो यह इस तरह की कांग्रेस की पहली रैली होगी। कांग्रेस पार्टी की ओर से रामलीला मैदान में आयोजित रैली के बारे में सेंट्रल डीसीपी राजबीर सिंह ने भी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि जैसा आप सबको मालूम है रामलीला मैदान, सीबीडी ग्राउंड और बुराड़ी ग्राउंड को प्रदर्शन स्थलों के रूप में तय किया गया है। कांग्रेस पार्टी की ओर से जगह की उपलब्धता की जानकारी के लिए एमसीडी से संपर्क किया गया था। एमसीडी की ओर से मैदान में 25 अक्टूबर से 3 नवंबर तक की उपलब्धता बताई गई। जिसके बाद कांग्रेस पार्टी हमारे पास पहुंची। सुरक्षा के इंतजामों को देखते हुए हमने उन्हें एनओसी देने का फैसला लिया है। इसी प्रक्रिया के तहत कोई और पक्ष भी मैदान बुक करना चाहे तो कर सकता है।

दिल्ली में चल रहा विरोध-प्रदर्शन

कांग्रेस द्वारा प्रस्तावित रैली ऐसे समय पर होने जा रही है, जब पहले से ही देश में एसआईआर पर विवाद चल रहा है। वहीं दूसरी ओर कॉकरोच जनता पार्टी और इंडिया गठबंधन द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। सीजेपी लगातार मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग कर रही है। इसके लिए उन्होंने दिल्ली के कनॉट प्लेस और जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने की कोशिश की।

पैलेट गन के इस्तेमाल, महिला प्रदर्शनकारियों से दुर्व्यवहार और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामलों को दी जाएगी प्राथमिकता

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दिल्ली के जंतर-मंतर और दिल्ली के बाहर इस साल जुलाई में हुई हिंसा से जुड़े सभी पहलुओं की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त जांच समिति (एचपीईसी) ने शिकायतों और अभ्यावेदनों को दर्ज कराने के लिए एक पोर्टल लॉन्च किया है। इस पोर्टल के माध्यम से हिंसा से प्रभावित लोग, जिनमें पुलिसकर्मी भी शामिल हैं, अपनी शिकायतें और संबंधित साक्ष्य ऑनलाइन जमा करा सकते हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार, समिति सुप्रीम कोर्ट के आदेश में उल्लिखित सभी मुद्दों की जांच करेगी। जांच के दौरान पैलेट गन के इस्तेमाल, महिला प्रदर्शनकारियों को निशाना बनाने और उनके उत्पीड़न, तथा दोनों पक्षों की ओर से हुई अत्यधिक हिंसा और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से जुड़े मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी।

गवाहों की पहचान गोपनीय रखने की व्यवस्था

गृह मंत्रालय ने बताया कि पोर्टल को इस तरह तैयार किया गया है कि संवेदनशील गवाही को उचित संरक्षण मिल सके। प्रभावित व्यक्ति चाहें तो अपनी पहचान गोपनीय रखने का विकल्प भी चुन सकते हैं। समिति का उद्देश्य प्रभावित लोगों को सुरक्षित तरीके से अपनी बात रखने और जांच में सहयोग करने का अवसर प्रदान करना है। प्रभावित व्यक्तियों और अन्य संबंधित पक्षों से अपील की गई है कि वे पोर्टल **http://hpec.nic.in** पर जाकर अपनी शिकायतें, अभ्यावेदन और अन्य प्रासंगिक सामग्री निर्धारित प्रारूप में अपलोड करें।

ऑफलाइन भी जमा कर सकते हैं शिकायतें

जो लोग ऑनलाइन शिकायत दर्ज नहीं कराना चाहते, वे अपनी शिकायतें, अभ्यावेदन और संबंधित दस्तावेज समिति के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से भी जमा करा सकते हैं। इसके लिए नई दिल्ली स्थित शिक्षा सदन में एचपीईसी के कार्यालय में सभी कार्यदिवसों पर दोपहर दो बजे से शाम चार बजे के बीच संपर्क किया जा सकता है। शिकायतें और संबंधित दस्तावेज डाक के माध्यम से भी भेजे जा सकते हैं। इसके अलावा, समिति को ई-मेल के जरिए भी सामग्री भेजी जा सकती है। **जानकारी और सुझाव भी आमंत्रित:** गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि जांच के दायरे में आने वाले मुद्दों से संबंधित कोई भी जानकारी या सुझाव रखने वाला व्यक्ति भी पोर्टल के माध्यम से अपना पक्ष समिति के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। समिति को मिलने वाली शिकायतें, दस्तावेजों और अन्य सूचनाओं से जुलाई में हुई हिंसा से जुड़े घटनाक्रमों के विभिन्न पहलुओं की जांच में मदद मिलने की उम्मीद है।

---

1 नवंबर से लागू होगा नया ढांचा

सीआईएसएफ में काम के आधार पर अब मिलेगी सुरक्षा की कमान

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की प्रशासनिक और परिचालन व्यवस्था में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। गृह मंत्रालय की मंजूरी के बाद नया ढांचा 1 नवंबर 2026 से देशभर में लागू होगा। इसके तहत सुरक्षा की कमान अब भौगोलिक क्षेत्र के बजाय प्रतिष्ठानों के कार्यक्षेत्र और उनकी सुरक्षा जरूरतों के आधार पर तय की जाएगी। पुनर्गठन का उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था में विशेषज्ञता बढ़ाना, निगरानी मजबूत करना और विभिन्न प्रतिष्ठानों में सुरक्षा प्रक्रियाओं में एकरूपता लाना है। इससे संबंधित मंत्रालयों, विभागों और प्रतिष्ठानों के प्रबंधन के साथ समन्वय भी बेहतर होगा। सीआईएसएफ हवाई अड्डों, बंदरगाहों, परमाणु एवं अंतरिक्ष केंद्रों, बिजली संयंत्रों, कोयला खदानों, इस्पात संयंत्रों, पेट्रोलियम रिफाइनरियों, सरकारी इमारतों, ऐतिहासिक स्मारकों और मेट्रो की सुरक्षा करता है।

सांवलिया सेठ मंदिर मे बरस रहा धन

31.17 करोड़ का चढ़ावा, 930 ग्राम सोना,92 किलो चांदी चढ़ी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

राजस्थान के चित्तौड़गढ़ स्थित सांवलिया सेठ मंदिर में श्रद्धालुओं ने जमकर चढ़ावा चढ़ाया है। मंदिर के भंडार से कुल 31 करोड़ 17 लाख 92 हजार रुपये से अधिक की नकदी प्राप्त हुई है। इसके अलावा 930 ग्राम से अधिक सोना और 92 किलो से ज्यादा चांदी भी चढ़ावे में मिली है। मंदिर की दानपेटियां 9 अक्टूबर को खोली गई थीं। नकदी की गिनती पांच चरणों में पूरी हुई, जिसका अंतिम चरण 15 अक्टूबर को समाप्त हुआ। दानपेटियों से कुल 23 करोड़ 58 लाख 44 हजार रुपये से अधिक की राशि निकली। वहीं, श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन भुगतान और मनीऑर्डर के जरिए 7 करोड़ 59 लाख 47 हजार रुपये से अधिक की राशि भेजी। चढ़ावे में 930 ग्राम 100 मिलीग्राम सोना और 92 किलो 242 ग्राम से अधिक चांदी शामिल है। इसके अलावा अमेरिका, ब्रिटेन सहित 19 देशों की विदेशी मुद्रा भी दानपेटियों से मिली है।

पीएम मोदी को दिया न्योता...

11 नवंबर को परिणय बंधन में बंधेंगे, अनिरुद्ध और काव्या

नई दिल्ली। साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर म्यूजिक कंपोजर और रजनीकांत के भतीजे अनिरुद्ध रविचंदर और सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन अपनी शादी की खबरों को लेकर चर्चा में है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों 11 नवंबर को ग्रीस में शादी करने जा रहे हैं। इस बीच काव्या के पिता और सन टीवी ग्रुप के चेयरमैन कलानिधि मारन और उनकी पत्नी कावेरी मारन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय से मुलाकात कर उन्हें वेडिंग रिसेप्शन का न्योता दिया है।

महाराष्ट्र के बीड में हुआ हादसा

श्रद्धालुओं से भरी कार और बस की टक्कर से 5 लोगों की मौत

ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

महाराष्ट्र के बीड जिले में स्थित माजलगांव तालुका के शिंदेवाड़ी फाटा के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। तुलजापुर में देवी के दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी हुंडई कार और महाराष्ट्र राज्य परिवहन (एसटी) की बस के बीच सुबह करीब 11:00 बजे आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, यह हादसा माजलगांव-खामगांव-पंढरपुर नेशनल हाईवे पर माजलगांव-तेलगांव मार्ग के निकट हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में जान गंवाने वाले सभी लोग माजलगांव शहर और उसके आसपास के इलाकों के निवासी बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर, इस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों में गहरा आक्रोश है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क की खराब स्थिति के कारण यह हादसा हुआ। उन्होंने सड़क निर्माण के लिए जिम्मेदार ठेकेदार के खिलाफ गैर-इरादतन लापरवाही का मामला दर्ज करने की मांग की है।

सीजेआई ने किया लद्दाख हाईकोर्ट बेंच का उद्घाटन

अब न दिल्ली की दूरी, न सफर की मजबूरी: लद्दाख में न्याय की नई सुबह

लेह-करगिल को मिली हाई कोर्ट की बेंच

सालों बाद दूर हुई न्याय की दूरी, 21 से शुरू होगी सुनवाई

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लोगों के लिए न्याय अब दूर नहीं रहा। भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्य कांत ने रविवार को लेह में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट की नवनिर्मित लद्दाख बेंच का ऐतिहासिक उद्घाटन किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस पीएस नरसिम्हा, जस्टिस अरुण पल्ली, भारत के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पुष्पेंद्र सिंह भाटी, लद्दाख के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और हाईकोर्ट के अन्य न्यायाधीश उपस्थित रहे।

75 केस लिस्टेड, 21 से सुनवाई

हाईकोर्ट प्रशासन के अनुसार लद्दाख बेंच पर मामलों की सुनवाई 21 अक्टूबर से शुरू होगी। इसके लिए कुल 75 मामलों को चिन्हित किया गया है। पहले दिन चीफ जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी और जस्टिस संजय परिहार की खंडपीठ पांच मामलों की सुनवाई करेगी। इसके बाद जस्टिस परिहार गुरुवार और शुक्रवार को एकल पीठ में मामलों की सुनवाई करेंगे। केंद्र सरकार ने अगस्त में इस बेंच को मंजूरी दी थी और हाईकोर्ट ने 5 अक्टूबर को लेह को बेंच स्थल घोषित किया था। लद्दाख के मुख्य सचिव आशीष कुंद्रा ने इसे पिछले 40 साल में न्यायपालिका के इतिहास की सबसे बड़ी पहल बताया। उन्होंने कहा कि अब लद्दाख के लोगों को रिट याचिका सहित अन्य मामलों के लिए श्रीनगर या जम्मू की लंबी और कठिन यात्रा नहीं करनी पड़ेगी।

लेह और करगिल, दोनों की बराबर की बेंच

जस्टिस कांत ने जोर देकर कहा कि यह बेंच लेह और करगिल दोनों जिलों की समान रूप से है। उन्होंने कहा कि इसका असली मकसद तभी पूरा होगा, जब लद्दाख के हर कोने के लोग इस संस्था को अपना मानने लगेंगे। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट लद्दाख से जुड़े सभी मामलों को एक ही दिन सूचीबद्ध करेगा और वर्चुअल तरीके से उनकी लगातार सुनवाई करेगा। इससे लेह और करगिल बार एसोसिएशन के वकील लद्दाख छोड़े बिना ही सुप्रीम कोर्ट में मामलों की पैरवी कर सकेंगे।

अदालत की पहचान ऊंचाई से नहीं, पहुंच से : जस्टिस कांत ने कहा कि अदालत की असली पहचान उसकी भौगोलिक ऊंचाई से नहीं, बल्कि लोगों तक उसकी पहुंच से होती है। उन्होंने न्याय तक पहुंच बेहतर बनाने के लिए तकनीक और कानूनी सहायता को दो अहम साधन बताया।

रहीमाबाद प्रीमियर लीग पर लखनऊ का कब्जा, फाइनल में जिन्दौर को सात विकेट से हराया

सेमीफाइनल में जिन्दौर ने रहीमाबाद को 10 रन से दी शिकस्त, सागर बने फाइनल के मैन ऑफ द मैच और गौरव को मिला मैन ऑफ द सीरीज का खिताब

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बिरयाना ग्राउंड में रविवार को आयोजित रहीमाबाद प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। खिताबी मुकाबले में लखनऊ की टीम ने दमदार खेल दिखाते हुए जिन्दौर को सात विकेट से करारी शिकस्त दी और ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। वहीं, इससे पहले खेले गए सेमीफाइनल में जिन्दौर ने रहीमाबाद को 10 रन से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। पूरे टूनार्मेंट के दौरान मैदान पर क्रिकेट प्रेमियों की भारी भीड़ जुटी रही और दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते भूपेंद्र प्रताप सिंह व अन्य

सेमीफाइनल में जिन्दौर ने रहीमाबाद को हराया

रविवार सुबह खेले गए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में जिन्दौर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 134 रन बनाए। इसके जवाब में 135 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रहीमाबाद की टीम निर्धारित 10 ओवर में सात विकेट खोकर 125 रन ही बना सकी। इस तरह जिन्दौर ने 10 रन से रोमांचक जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। शानदार प्रदर्शन के लिए जिन्दौर के सादान को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

फाइनल में लखनऊ के गेंदबाजों का दबदबा

खिताबी मुकाबले में जिन्दौर और लखनऊ की टीमों के बीच भिड़ंत हुई। फाइनल में लखनऊ के गेंदबाजों ने सटीक गेंदबाजी करते हुए जिन्दौर के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। दबाव में आई जिन्दौर की पूरी टीम ताश के पत्तों की तरह 10 ओवर में 60 रन बनाकर पूरी टीम पवेलियन लौट गई। आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की टीम ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और महज सात ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सात विकेट से शानदार जीत के साथ लखनऊ की टीम टूनार्मेंट की चैंपियन बनी। फाइनल मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए लखनऊ टीम के सागर को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। वहीं, पूरी प्रतियोगिता में लगातार शानदार प्रदर्शन करने वाले लखनऊ के गौरव को मैन ऑफ द सीरीज के खिताब से नवाजा गया।

भूपेंद्र प्रताप सिंह ने किया टूनार्मेंट का उद्घाटन

टूनार्मेंट का उद्घाटन अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने जीती हुई टीम के खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी देकर उनका हौसला बढ़ाया। आयोजन के दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय भारती, शंकर लाल कनौजिया, रुद्र प्रताप सिंह, दुर्गेश प्रताप सिंह, अमन सिंह, रजत सिंह, आकाश सिंह, अभय भारती, अमन भारती, फहाद, अमान और अजमी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ मुकाबलों में हिस्सा लिया। वहीं, दर्शकों की मौजूदगी और उत्साह ने आयोजन को खास बना दिया।

महिला की संदिग्ध मौत, 18 दिन पहले ही दिया था बच्चे को जन्म

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में शनिवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक बिजनौर की सैनिक एन्क्लेव कॉलोनी निवासी संदीप पाटिल की पत्नी कुसुम गौतम (40) ने 18 दिनों पहले प्रसव के दौरान एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया था। कुसुम गौतम शुगर और ब्लड प्रेशर की मरीज होने के कारण उनका काफी दिनों से इलाज चल रहा था। शनिवार रात करीब 10 बजे कुसुम को अचानक घबराहट होने लगी। इस पर उसके पति ने शुगर या ब्लड प्रेशर की समस्या होने का शक होने पर चल रही दवा की टिकिया उसे खिला दी। दवा खाने के बाद कुसुम गौतम की तबीयत और अधिक बिगड़ने लगी। साथ ही उसके मुंह से सफेद झाग निकलने लगा। जिससे संदीप घबरा गए और उन्होंने पास में रह रहे अपने ससुराल वालों को सूचना देने के साथ ही रात करीब 3 बजे कुसुम को आनन-फानन लोकबंधु अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। लेकिन अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने देखते ही कुसुम को मृत घोषित कर दिया। बाद में सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि इस मामले में किसी ने कोई आरोप नहीं लगाया है। लेकिन उसकी मौत किस वजह से हुई ? इसका स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल सकेगा।

युवक पर धारदार हथियार से हमला, बचने के लिए मकान में घुसा तो तोड़ दिया दरवाजा

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को कैफे के पास खड़े युवक पर कुछ लोगों ने गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियार और रॉड से हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने एक नवनिर्मित मकान में घुसकर भी उसे पीटा। जिससे वह चोटिल हो गया। तालकटोरा थाना क्षेत्र के आलमनगर स्थित आस्था सिटी निवासी पृथ्वी सिंह के मुताबिक 16 अक्टूबर की रात करीब 8:30 बजे वह अपने मित्र ईशान शर्मा के साथ बिजनौर के पुष्पेंद्र नगर में वैभव से मिलने गया था। इसी दौरान मित्र आसिफ का फोन आने पर वह आर्यन कैफे के पास टी प्वाइंट एंड बेकर्स के नजदीक पहुंचा। आरोप है कि वहां आकाश पाल, नियाज अहमद, करन और शिवम पाल अपने अन्य साथियों के साथ मौजूद थे। उसके बाहर आते ही सभी ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि नियाज और आकाश ने धारदार हथियार व रॉड से सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी दाहिनी आंख के पास चोट लगी। पीड़ित का कहना है कि जान बचाने के लिए वह अंश स्टेट परिसर के एक नवनिर्मित मकान में घुसकर कमरे को बंद कर लिया, लेकिन हमलावर दरवाजा तोड़कर अंदर घुस आए और उसे पीटने लगे। बाद में आसपास के लोगों के जुटने पर आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। इस घटना में पीड़ित का मोबाइल और सोने की चेन गायब हो गई। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

प्रेरणा संस्था का वृहद कन्या पूजन कार्यक्रम सम्पन्न, 5,352 कन्याओं का पूजन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रेरणा संस्था द्वारा आयोजित तीसरा वृहद कन्या पूजन कार्यक्रम जनभवन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में 5,352 कन्याओं का पूजन कर मातृशक्ति के सम्मान और कन्या संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य इन्द्रेश कुमार, अवध के प्रान्त संघचालक सरदार स्वर्ण सिंह, ह्यहनुमान अंशह्न फिल्म की निमार्ता रागिनी सोना तथा एकल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमन धर की विशेष उपस्थिति रही।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए इन्द्रेश कुमार ने कहा कि आज पूजन की जा रही कन्याएं ही भविष्य में बहन, माता, मौसी, बुआ, दादी और नानी के रूप में परिवार एवं समाज का आधार बनेंगी। कन्या पूजन मातृशक्ति के सम्मान का प्रतीक है। हमारे सद्ग्रन्थों में कहा गया है– ह्ययत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः।ह्न नवरात्र में कन्या पूजन के साथ यह संकल्प भी लेना चाहिए कि समाज में कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीति को पूरी तरह समाप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि हिन्दुस्थान विश्व में अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक परम्पराओं के कारण अप्रतिम है।उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने विभिन्न स्थानों से आयी बच्चियों का जनभवन में स्वागत करते हुए कहा कि घर, परिवार और समाज में बच्चों के साथ होने वाले व्यवहार का उनके मन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि जनभवन में बच्चों के खेल एवं प्रतियोगिताओं और पुष्प प्रदर्शनी जैसे आयोजनों के लिए स्थान सुरक्षित रखा जाता है। राज्यपाल ने निर्देश दिया कि कार्यक्रम में शामिल बच्चियों को जनभवन का भ्रमण कराया जाए, ताकि वे इसके अनुभवों को जान सकें। उन्होंने बच्चियों से घर लौटकर कार्यक्रम के अनुभव पर निबन्ध लिखने का आग्रह किया तथा घोषणा की कि सर्वश्रेष्ठ तीन निबन्ध लिखने वाली बच्चियों को वे स्वयं सम्मानित करेंगी।कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता एवं श्री दुर्गा के पूजन से हुआ। पूजन के पश्चात सामूहिक आरती की गई। लखनऊ तथा आसपास के विभिन्न जिलों से आईं 5 से 10 वर्ष आयु की 5,352 कन्याओं का विधि-विधान एवं उत्साहपूर्वक पूजन किया गया। ये कन्याएं 117 ग्रामीण स्थानों से बसों द्वारा लाया गयी थीं और पूजन पश्चात सबका सामूहिक भोजन हुआ। सभी बच्चियों को उनके घरों तक वापस पहुंचाने का प्रबन्ध भी प्रेरणा परिवार द्वारा किया गया था। प्रेरणा परिवार की संचालन समिति के अध्यक्ष गुंजित कालरा, ईशा कालरा एवं अभिनव भार्गव तथा सचिव शिखा भार्गव सहित विराज सागर दास, देवांशी दास, अक्षय खोसला, पारुल चावला खोसला, यशवर्धन अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, शरद जैन, रश्मि जैन, पीयूष सिंह, सुष्मिता सिंह, गुंजन जैन, रिधिमा जैन, शांतनु सिंह, अश्मिता मोहंती, अंकित साहनी, अंबिका साहनी, श्लोक सिंह, ज्योत्सना सिंह, पार्थ सिंह, नैनिका सिंह एवं वात्सल्य बोरा कार्यक्रम के सफल आयोजन में सक्रिय रहे।इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, अवध के प्रान्त प्रचारक कौशल जी, अखिल भारतीय गौसेवा प्रमुख नवल किशोर, पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र प्रचारक प्रमुख राजेन्द्र कुमार, सह प्रान्त प्रचारक संजय जी, प्रान्त सम्पर्क प्रमुख गंगा सिंह, प्रशान्त भाटिया एवं सूचना प्रमुख दिलीप अग्निहोत्री सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

दहेज के लिए विवाहिता को पीटा, जबरन गर्भपात कराने का आरोप, पति समेत चार पर केस

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के चिल्लावां निवासी विवाहिता फिरदौस बानो ने अमीनाबाद के मौलवी गंज स्थित रथखाना निवासी अपने पति मो. फैसल सहित ससुराल के चार लोगों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने, जबरन गर्भपात कराने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। फिरदौस बानो के मुताबिक उसका निकाह दो दिसंबर 2022 के फैसल के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति फैसल, ननद खुशनुमा, जेठ आरिफ और जेठानी लुबना कम दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। गर्भवती होने पर उसे खाना-पानी तक नहीं दिया गया। आरोप है कि बीमार होने पर पति और जेठानी ने मारपीट कर आठ फरवरी 2023 को उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता का कहना है कि उसने 15 अक्टूबर 2023 को बेटे मोहम्मद हसनैन को जन्म दिया। इसके बाद बुजुर्गों के हस्तक्षेप से समझौता हुआ और वह ससुराल लौट गई। आरोप है कि इसके बाद पति ने सऊदी अरब जाने के लिए मायके से एक लाख रुपये लाने का दबाव बनाया। साथ ही दोबारा गर्भवती होने पर उसे मारपीट कर जबरन गर्भपात करा दिया। पीड़िता का आरोप है कि 31 मार्च 2025 को पति और ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट कर जेवर व सामान छीन लिया और घर से निकाल दिया। साथ ही दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी दी। तब वहां मायके चली गई और वहीं रह रही है। फिलहाल पीड़िता की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

सरोजनीनगर चेन लूट कांड: 1 लाख की चेन छीनने वाला नाबालिग गिरफ्तार

डीसीपी साउथ की 2 टीमों ने खंगाले 80 CCTV, शनिदेव मंदिर के पास हुई लूट का खुलासा

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में करीब सप्ताह भर पहले महिला से चेन स्नेचिंग करने वाले करीब 17 वर्षीय बाल अपचारी को पुलिस ने पकड़ लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब एक लाख रुपए कीमत की पीली धातु की चेन और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के मुताबिक सरोजनीनगर की हैडिल जयराजपुरी कॉलोनी निवासी अमित कुमार वर्मा 12 अक्टूबर सोमवार रात करीब 9:15 बजे अपनी मां इंद्रा वर्मा के साथ घर जा रहे थे। तभी शनि देव मंदिर के पास बाइक सवार अज्ञात युवक उनकी मां के गले से चेन छीनकर फरार हो गया। पीड़ित की तहरीर पर अगले दिन 13 अक्टूबर को सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की गई। घटना के खुलासे के लिए पुलिस उपायुक्त दक्षिणी मोहम्मद मुश्ताक के निर्देशन में दो पुलिस टीमें गठित की गईं। इन टीमों ने घटनास्थल और आसपास के इलाकों में लगे 70 से 80 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज के अलावा मुखबिर की मदद से पुलिस ने करीब 17 वर्षीय बाल अपचारी की पहचान कर उसे संरक्षण में लिया। पुलिस ने बताया कि उसकी निशानदेही पर चेन और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस का कहना है कि पकड़े गए बाल अपचारी के खिलाफ कृष्णानगर थाने में भी चोरी से संबंधित एक मामला दर्ज है। फिलहाल पुलिस ने उसके पास से चेन और बाइक बरामद कर बाल अपचारी को बाल सुधार गृह भेज दिया है।

मिशन शक्ति के तहत मलिहाबाद थाने में कन्या पूजन, महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। शारदीय नवरात्र की अष्टमी पर रविवार को मलिहाबाद थाना परिसर में मिशन शक्ति अभियान के तहत कन्या पूजन एवं भोज का आयोजन किया गया। पुलिसकर्मियों ने कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोज कराया और उनके सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करते हुए जरूरत पड़ने पर पुलिस की मदद लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुआ। वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी नेहा शुक्ला और मिशन शक्ति प्रभारी उपनिरीक्षक मनीषा पाठक ने विधि-विधान से कन्याओं का पूजन किया और उन्हें भोज कराया। धार्मिक आयोजन के साथ ही महिला सुरक्षा और जागरूकता का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं और पुलिस की सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। उन्हें आपातकालीन पुलिस सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 1090, महिला सहायता हेल्पलाइन 181, अग्निशमन सेवा 101 और एंबुलेंस सेवा 102 के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही मिशन शक्ति के पंपलेट वितरित कर महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और किसी भी तरह की परेशानी होने पर बिना झिझक पुलिस से संपर्क करने के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी सुरेंद्र भाटी, महिला उपनिरीक्षक मनीषा पाठक समेत थाने के अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

मन्नी माऊंटा में नवदुर्गा उत्सव की धूम, आज हवन-पूणार्हुति और डांडिया की तैयारी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मन्नी माऊंटा व्यापारी कल्याण समिति की ओर से मन्नी माऊंटा परिसर में आयोजित नौवां नवदुर्गा उत्सव एवं रामकथा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों और आकर्षक लाइटों से सजाया गया है। धार्मिक आयोजनों के बीच मां दुर्गा की आराधना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। समिति की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार, उत्सव के तहत हवन एवं पूणार्हुति और डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। उत्सव की शुरूआत 11 अक्टूबर को कलश यात्रा और घट स्थापना के साथ हुई थी। इसके बाद से प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से श्रद्धालु मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर रहे हैं। समिति के अनुसार, नौवां नवदुर्गा उत्सव एवं रामकथा 20 अक्टूबर तक चलेगा।

घुसकर गांव में चतुर्थ विशाल जागरण का आयोजन, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

अमन लेखनी समाचार

गोसाईगंज। क्षेत्र के घुसकर गांव में शनिवार देर शाम चतुर्थ विशाल जागरण का आयोजन भक्तिमय माहौल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा की ज्योति प्रज्ज्वलित कर विधि-विधान से पूजन के साथ हुआ। जागरण में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर मां भगवती के चरणों में शीश नवाया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि गांव में पिछले चार वर्षों से लगातार विशाल जागरण का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी श्रद्धालुओं के सहयोग से हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। जागरण के अवसर पर शाम को भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद मां दुर्गा की ज्योति प्रज्ज्वलित कर जागरण की शुरूआत की गई।

जागरण के दौरान देर रात तक भक्ति गीतों और मां भगवती की महिमा का गुणगान होता रहा। वहीं, विभिन्न धार्मिक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। पूरा वातावरण माता रानी के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में लीन रहे और मां के भजनों पर भाव-विभोर नजर आए।

नवरात्र के छठे दिन मां गंगा की भव्य आरती में शामिल हुए समाजसेवी पंडित दीनानाथ मिश्र

अमन लेखनी समाचार

विंध्याचल, मीरजापुर। शारदीय नवरात्र के छठे दिन मां विंध्यवासिनी धाम विंध्याचल में मां गंगा की भव्य आरती एवं पूजन-अर्चन का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी पंडित दीनानाथ मिश्र शामिल हुए। उन्होंने विधि-विधान से मां गंगा का पूजन-अर्चन किया और इसके बाद मां गंगा की भव्य आरती की गई। आरती के दौरान मां गंगा के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति देखने को मिली। वातावरण भक्तिमय हो उठा और मां गंगा के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। इस अवसर पर पंडित दीनानाथ मिश्र ने मां गंगा की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि मां गंगा का नाम लेने मात्र से ही मन को शांति मिलती है और व्यक्ति को अपने पापों से मुक्ति पाने की प्रेरणा मिलती है। भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में मां गंगा को मोक्षदायिनी तथा जीवनदायिनी के रूप में पूजा जाता है। मां गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, विश्वास और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक हैं। उनकी शरण में आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु अपने जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करता है।

भगवान भोलेनाथ ने मां गंगा की धारा को संभालकर दिया जिम्मेदारी का संदेश

पंडित दीनानाथ मिश्र ने मां गंगा के पृथ्वी पर अवतरण की पौराणिक कथा का उल्लेख करते हुए कहा कि जब मां गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुईं, तब उनकी तीव्र धारा को संभालने के लिए भगवान भोलेनाथ ने उन्हें अपनी जटाओं में धारण किया था। भगवान शिव ने मां गंगा के वेग को नियंत्रित कर उन्हें पृथ्वी पर प्रवाहित होने का मार्ग दिया। इसके बाद मां गंगा की धारा हिमालय से निकलकर विभिन्न क्षेत्रों से गुजरते हुए बंगाल की खाड़ी तक पहुंचती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां गंगा ने अपने पवित्र जल से राजा सगर के पुत्रों को सद्गति प्रदान की थी। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ का यह प्रसंग हमें जीवन में जिम्मेदारी के महत्व का संदेश देता है। जिस प्रकार भगवान शिव ने मां गंगा की प्रचंड धारा को धारण कर उसे जनकल्याण का माध्यम बनाया, उसी प्रकार प्रत्येक व्यक्ति को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। किसी भी कार्य को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी, समर्पण और धैर्य की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

समाजसेवी पंडित दीनानाथ मिश्र ने मां गंगा के जल की स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि मां गंगा की निर्मलता और पवित्रता बनाए रखना केवल सरकार या किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। यदि हम मां गंगा को स्वच्छ और निर्मल देखना चाहते हैं, तो हमें स्वयं भी अपनी जिम्मेदारियों को समझना होगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि मां गंगा के पवित्र जल में साबुन, शैंपू, प्लास्टिक, कूड़ा-कचरा तथा अन्य गंदगी न डालें। धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान भी स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करें।

कार की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौत

हादसा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। किसी काम से होकर वापस घर लौट रहे बाइक सवार किसान को सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार उछलकर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में से सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। माल थाना क्षेत्र के ग्राम दलथम्बा निवासी पुनई (52) कई

सालों से मलिहाबाद के कसमंडी कला के हाफिज खेड़ा में अपनी ससुराल में रह रहे थे। रविवार शाम को किसी काम से होकर वापस बाइक से घर लौट रहे थे। तभी हाफिज खेड़ा गांव के पास नबीपनाह अंधे की चौकी मार्ग पर तेज रफ्तार अज्ञात कार सवार ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह उछलकर कई मीटर दूर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में किसान को मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। टक्कर मारने वाला वाहन मौके से फरार मृतक पुनई खेती किसानी कर अपना व परिवार का भरण पोषण करता था। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी के माध्यम से टक्कर मारने वाले वाहन की शिनाख्त की जा रही है।

संक्षेप

दीपावली से पहले अब्बासपुर में पटाखा बाजार बंद, ग्राहक लौटे निराश

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के अब्बासपुर में दीपावली से ठीक पहले पटाखा मार्केट बंद हो गई है। रविवार को बाजार में सन्नाटा पसरा रहा और पटाखे खरीदने पहुंचे ग्राहकों को निराश होकर लौटना पड़ा। बाजार बंद होने से दुकानदारों में चिंता बढ़ गई है।दुकानदारों का कहना है कि प्रशासन ने दुकानें हटाने का नोटिस दिया है, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। दीपावली पर पटाखों की बिक्री से उन्हें साल भर की कमाई का बड़ा हिस्सा मिलता है, इसके लिए उन्होंने पहले से ही पूरी तैयारी कर ली थी और सामान पर खर्च भी किया था। अचानक नोटिस मिलने से उनकी तैयारी पर असर पड़ा है और भारी नुकसान की आशंका है।इसी को लेकर रविवार दोपहर करीब 12 बजे सभी दुकानदार दुकानें बंद कर सदर विधायक पंकज गुप्ता के कार्यालय पहुंचे और समस्या के समाधान की मांग की। विधायक पंकज गुप्ता ने प्रशासन से बात कर मामले के निस्तारण का आश्वासन दिया है।अब सभी की नजरें प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हैं। त्योहार से पहले बाजार खुलेगा या नहीं, इसे लेकर व्यापारियों में असमंजस बना हुआ है।

प्लास्टिक गोदाम में हादसा, मशीन की चपेट में आने से युवती का कटा हाथ

उन्नाव। रविवार दोपहर करीब 1 बजे सदर कोतवाली क्षेत्र में एक प्लास्टिक गोदाम में काम के दौरान बड़ा हादसा हो गया। मशीन के पट्टे की चपेट में आने से एक युवती का हाथ कट गया।हादसे के बाद गोदाम में अफरा-तफरी मच गई। साथ काम कर रहे परिजन और मौजूद लोग तुरंत घायल युवती को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उसका इलाज किया गया।परिजनों के अनुसार गोदाम में प्लास्टिक का माल काटने का काम चल रहा था। काम के दौरान पैर फिसलने से युवती का हाथ मशीन के पट्टे में आ गया। परिजन श्रीदेवी ने बताया कि वे लोग प्लास्टिक से जुड़ा काम करते हैं और यह जगह फैक्ट्री नहीं, बल्कि गोदाम है, जहां प्लास्टिक काटने का काम होता है। हालांकि गोदाम के नाम और संचालन को लेकर वह विस्तृत जानकारी नहीं दे सकीं।

नवरात्र पर कन्या भोज का आयोजन, छात्र-छात्राओं को कराया भोजन

पुरवा, उन्नाव। तहसील पुरवा के तौरा स्थित भटखेरवा रोड पर संचालित लक्ष्य शिक्षण संस्थान में शारदीय नवरात्रि के सातवें दिन के शुभ अवसर पर कन्या भोज का आयोजन किया गया।शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक विनीत



तिवारी द्वारा कन्याओं को पूड़ी-सब्जी व हलवा खिलाकर छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। इस दौरान समस्त विद्यालय स्टाफ ने छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद दिया।इस अवसर पर लक्ष्य शिक्षण संस्थान के प्रिंसिपल राकेश मिश्रा, संस्कार डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार चतुर्वेदी, अजय श्रीवास्तव सहित शिक्षक अरदीप, सोमेंद्र प्रताप सिंह, राहुल द्विवेदी व शिक्षिकाएं पूजा, रशिदा, ईशा, शिल्पी, बेबी एवं शुभांक सिंह, राजेश सिंह, दुर्गेश सहित अन्य छात्र-छात्राएं व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पुलिस ने लौटाए 25 लाख के 126 गुमशुदा मोबाइल, चेहरों पर लौटी खुशी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। ?सर्विलांस सेल और टीम की संयुक्त कार्रवाई,से इस साल अब तक 1.51 करोड़ के 734 फोन हुए बरामदतकनीक और तत्परता का बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए उन्नाव पुलिस ने 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत रविवार को 126 लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौटाई। पुलिस ने अलग-अलग कंपनियों के करीब 25 लाख 20 हजार रुपये कीमत के 126 गुमशुदा स्मार्टफोन बरामद कर उनके असली मालिकों को सौंप दिए। अपना खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने पुलिस का आभार जताया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (SSP) जय प्रकाश सिंह के निर्देश पर जिले में गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। दूरसंचार विभाग (भारत सरकार) द्वारा विकसित उएकफ पोर्टल का इसमें प्रभावी इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके लिए सभी थानों में विशेष टीमें गठित कर प्राप्त प्रार्थना पत्रों को सीधे पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है।एसपी (उत्तरी) आयुष श्रीवास्तव और एएसपी (दक्षिणी) शैलेंद्र लाल के पर्यवेक्षण में सर्विलांस सेल और थानों की संयुक्त टीम ने लगातार ट्रैकिंग कर इन मोबाइलों को अलग-अलग स्थानों से बरामद किया है।

इस साल अब तक 734 मोबाइल बरामद

पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी 2026 से लेकर अब तक कुल 734 मोबाइल बरामद किए जा चुके हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 1 करोड़ 51 लाख 70 हजार रुपये है। इससे पहले सितंबर माह तक ही 608 मोबाइल खोजे गए थे। वहीं, पिछले वर्ष 2025 में पुलिस ने 1 करोड़ 15 लाख रुपये कीमत के 525 फोन बरामद कर मालिकों को लौटाए थे।

इन कंपनियों के फोन हुए बरामद

रविवार को सुपुर्द किए गए 126 मोबाइलों में वीवो के 33, ओप्पो के 24, रेडमी के 22, रियलमी के 9, मोटोरोला के 10, सैमसंग के 6, इनफिनिक्स व टेक्नो के 5-5, वन प्लस व पोको के 3-3, लावा के 2 तथा आईटेल, आईक्यू, नथिंग और नोकिया के 1-1 महंगे स्मार्टफोन शामिल हैं।

इनकी रही अहम भूमिका

मोबाइलों की इस बड़ी रिकवरी में सर्विलांस सेल के प्रभारी अतुल कुमार वर्मा, हेड कांस्टेबल सुदीप कटियार, शीतांशु गंगवार, कांस्टेबल प्रशांत बालियान, विवेक कुमार, आकाश बालियान और अरुण कुमार की टीम के साथ-साथ जिले के 19 थानों (कोतवाली सदर, गंगाघाट, अजगैन, पुरवा, मौरावां आदि) में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटरों और कांस्टेबलों की CEIR टीम का सराहनीय योगदान रहा।

सिस्टम की अनदेखी पर छात्रों का तमाचा किताबों की जगह हाथों में थामे फावड़े, खुद साफ किया मार्ग

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच जमीनी हकीकत अफसरशाही की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। पासा खेड़ा से बाजीखेड़ा जाने वाले मुख्य मार्ग पर फैली अव्यवस्था और गंदगी को दूर करने में जब प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारी नाकाम रहे, तो क्षेत्र के नौनिहालों ने खुद ही मोर्चा संभाल लिया। अपनी पढ़ाई का कीमती समय निकालकर इन छात्र-छात्राओं ने किताबों की जगह हाथों में कुल्हाड़ी और फावड़ा थाम लिया और सड़क को सुरक्षित बनाने का जिम्मा अपने कंधों पर उठा लिया।

जिम्मेदार बेपरवाह, राहगीरों के लिए बना था हादसों का सबब

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, पासा खेड़ा से बाजीखेड़ा को जोड़ने वाला यह अहम मार्ग लंबे समय से विभागीय उपेक्षा का दंश झेल रहा है। सड़क के दोनों ओर उगी कटीली झाड़ियों और जमा कचरे के कारण आए दिन राहगीर दुर्घटना का शिकार हो रहे थे। बदहाली का आलम यह था कि रात के अंधेरे में इस मार्ग से गुजरना जान जोखिम में डालने के बराबर था।

शिकायतों के बाद भी मिले सिर्फ कोरे आश्वासन

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार इस बदहाली की शिकायत संबंधित विभाग के अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से की। हर चौखट पर गुहार लगाने के बावजूद उन्हें केवल खोखले आश्वासन ही हाथ लगे। जब सिस्टम कुंभकर्णी नींद से नहीं जागा और परेशानी हद से गुजर गई, तो अंततः स्कूली बच्चों को व्यवस्था सुधारने के लिए आगे आना पड़ा।छात्रों की इस श्रमदान की पहल ने जहां एक ओर सिस्टम की लापरवाही को आईना दिखाने का काम किया है, वहीं दूसरी ओर यह पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। बड़ा सवाल यह है कि जो काम प्रशासन को करना चाहिए था, उसके लिए बच्चों को अपनी पढ़ाई छोड़कर फावड़ा क्यों उठाना पड़ा?

पंखा लगाते समय करंट से ई-रिक्शा चालक की मौत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के पन्हान के पास शनिवार देर रात घर में पंखा लगाते समय करंट लगने से एक ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान 34 वर्षीय रमन पुत्र स्व. जयराम निवासी मेरामऊ, थाना गुरुबक्शगंज, रायबरेली के रूप में हुई है।परिजनों के अनुसार रमन अपने मामा के यहां रहकर ई-रिक्शा चलाता था और पत्नी व दो बेटों के साथ वहीं रह रहा था। शनिवार रात घर में पंखा लगाते समय वह अचानक करंट की चपेट में आ गया। घर में चीख-पुकार मच गई, परिजन उसे बचाने की कोशिश करते रहे लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। रमन की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। ई-रिक्शा चलाकर वह परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी मौत से पत्नी और दो बच्चों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। रविवार दोपहर करीब दो बजे परिजन पोस्टमार्टम हाउस

पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

ग्राम पंचायत में गंदगी का अंबार, स्वच्छ भारत मिशन की उड़ रही धज्जियां

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। ग्राम पंचायत दरेहटा में चारों तरफ गंदगी ही गंदगी है। बगल में सरकारी स्कूल, पंचायत घर और आंगनबाड़ी केंद्र है, लेकिन उसके आसपास कूड़े का ढेर लगा हुआ है।

ग्रामवासियों ने बताया कि एक अकेला सफाईकर्मी आखिर कहां-कहां जाए। नाम न छापने की शर्त पर एक ग्रामीण ने बताया कि अगर सच्चाई से अवगत कराते हैं तो प्रधान जी के यहां हाजिरी लगानी पड़ती है।

दरेहटा निवासी राम बालक पिता गंगाराम ने बताया कि उनका प्लॉट है, कई बार प्रधान से शिकायत की, फिर भी प्लॉट में गंदगी का अंबार लगा है। डेंगू और बुखार का लगातार प्रकोप चल रहा है, लेकिन सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि सामुदायिक शौचालय कभी खुलता ही नहीं है। पंचायत घर खुलता है, मगर कभी-कभी।

सोचने वाली बात है कि यह ग्राम पंचायत स्वच्छ भारत अभियान की धज्जियां उड़ा रही है। जबकि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा हर ग्राम पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन के कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। वहीं दरेहटा में लाखों रुपये की लागत से कूड़ा निस्तारण केंद्र बनाया गया था, जो आज तक अधूरा पड़ा है।

सूत्रों की मानें तो सरकार लाखों रुपये देती है, योजनाएं भेजती है, मगर कहीं न कहीं अधिकारियों की लापरवाही है, जो समय-समय पर जांच नहीं करते। कूड़ा निस्तारण घर में लाखों की हेराफेरी का आरोप है, मगर किसी अधिकारी ने यह जांचना मुनासिब नहीं समझा कि आखिर काम पूरा क्यों नहीं हुआ। ग्रामवासियों ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि दरेहटा ग्राम पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ रही हैं। ग्राम पंचायत के कार्यों की आगे की जानकारी अगले अंक में दी जाएगी।

बंद घर से चोरों ने जेवरात समेत पार किया सिलाई मशीन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। थाना दही क्षेत्र के शिव नगर में आश्रम के पास शनिवार और रविवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने एक बंद घर को निशाना बना दिया। चोर घर से सिलाई मशीन, बैटरी, सोने-चांदी के जेवरात और अन्य घरेलू सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी रविवार सुबह होने पर पीड़िता ने डायल 112 पर सूचना दी। शिव नगर निवासी काजल ने बताया कि बारिश के कारण रास्ते और घर की स्थिति ठीक न होने से वह पिछले कुछ दिनों से अपनी मां के घर रह रही थीं। दिन में वह अपने घर आती थीं और रात में ताला बंद कर मां के यहां चली जाती थीं। शनिवार रात भी उन्होंने इसी तरह घर बंद किया था। इसी दौरान चोरों ने ताला तोड़कर घर में घुसकर सामान पार कर दिया। पीड़िता के अनुसार चोर घर से सिलाई मशीन, बैटरी, एक मंगलसूत्र, चांदी की दो पायल, बिछिया, बच्चे के गले की माला और खंडवा सहित अन्य सामान ले गए हैं। चोरी से परिवार को लाखों रुपये के नुकसान की आशंका है। काजल के पति सचिन दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। घटना के बाद पीड़िता ने डायल 112 पर फोन किया। सूचना पर पीआरवी मौके पर पहुंची और जांच के बाद लौट गई। बाद में थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह को घटना की जानकारी दी गई, जिन्होंने औद्योगिक चौकी प्रभारी को मौके पर भेजने की बात कही। पीड़िता ने पुलिस से चोरी का खुलासा कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद मोहल्ले में दहशत का माहौल है।

डीआईओएस कार्यालय पटल सहायक रोली सरीन और कर्मचारी अविनाश की कार्यकुशलता ने पेश की मिसाल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में परीक्षा जैसे बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण पटल की जिम्मेदारी एक बार फिर रोली सरीन को सौंपी गई है। परीक्षा प्रभारी (पटल सहायक) का दायित्व संभालते ही उन्होंने पूर्व के सहायकों द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों की तर्ज पर अपनी कार्यकुशलता की एक बेहतरीन मिसाल पेश की है। उनके कुशल प्रबंधन और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अविनाश की तत्परता से शिक्षकों को विभागीय कार्यों में भारी सहूलियत मिल रही है।

इन दिनों तहसीलों से विद्यालयों के पंजीकरण प्रपत्र और नामावलियां जमा करने का महत्वपूर्ण कार्य जोरों पर चल रहा है। अमूमन इस दौरान कार्यालय में भारी भीड़ और अव्यवस्था देखने को मिलती थी, लेकिन रोली सरीन ने अपने शानदार प्रबंधन से इस कार्य को बेहद आसान बना दिया है। इस पूरी व्यवस्था को धरातल पर सुगमता से लागू करने और शिक्षकों का कार्य बिना किसी विलंब के निपटवाने में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अविनाश की कार्यकुशलता भी बेहद सराहनीय है। अविनाश की मुस्तैदी और सहयोग के चलते कार्यालय में बिना किसी आपाधापी के शिक्षक आसानी से और ससमय अपने प्रपत्र जमा कर पा रहे हैं। पारदर्शी और सुविधाजनक कार्यप्रणाली से शिक्षकों ने बड़ी राहत की सांस ली है।

गौरतलब है कि डीआईओएस कार्यालय के इस महत्वपूर्ण पटल पर पूर्व में सेवानिवृत्त पटल सहायक वृंदावन, अमित कुमार, स्वयं रोली सरीन (पूर्व कार्यकाल), ऋषभ तिवारी और नीरज सिंह जैसे कर्मचारियों ने अपने उत्कृष्ट कार्यों से एक मानक स्थापित किया था। उसी शानदार कार्यशैली की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए रोली सरीन एक बार फिर अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रही हैं।

परीक्षा जैसे संवेदनशील प्रभार के लिए एक अनुभवी और कार्यकुशल टीम की आवश्यकता होती है। जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) सुनील दत्त द्वारा रोली सरीन के पिछले अनुभवों और कार्यक्षमता को देखते हुए उन्हें पुनः यह दायित्व सौंपने को एक बेहद सुलझा हुआ और दूरदर्शी निर्णय माना जा रहा है। विभागीय गलियारों से लेकर शिक्षक समाज तक में डीआईओएस के इस बेहतरीन फैसले और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की जमकर प्रशंसा हो रही है।

शादी से पहले युवती ने फांसी लगाकर दी जान, मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के पावा गांव में रविवार देर शाम एक युवती का शव घर के अंदर फंदे पर लटका मिला। घटना की जानकारी परिजनों को शाम करीब 7:30 बजे हुई। बताया जा रहा है कि युवती की नवंबर में शादी होनी थी और घर में विवाह की तैयारियां चल रही थीं।मृतका की पहचान 23 वर्षीय पूनम पुत्री राजकुमार चौरसिया के रूप में हुई है। शव देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मां मालती और परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।सूचना पर माखी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने बताया कि अभी तक परिजनों की ओर से

किसी के खिलाफ कोई आरोप नहीं लगाया गया है। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। मामले की जांच की जा रही है।

पिता के सामने पुत्र की मार्ग दुर्घटना में दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर रघुरामपुर गांव के सामने कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गई। वह पिता के साथ दिल्ली जा रहा था। रास्ता भटकने पर डिवाइडर से बाइक दूसरी ओर निकालने के दौरान हादसा हो गया। बेटे की मौत से पिता लखनलाल का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जनपद हमीरपुर के जरिया क्षेत्र अंतर्गत गुटकोहरा गांव निवासी 20 वर्षीय मंगल सिंह अपने पिता लखनलाल के साथ बाइक से दिल्ली जा रहा था। इटावा क्षेत्र में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से उतरकर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर आने के बाद वह किसी तरह गलत दिशा में लखनऊ की ओर बढ़ गया जिसका पता चलने पर बांगरमऊ क्षेत्र में रघुरामपुर गांव के सामने उसने पिता को बाइक से उतार दिया। इसके बाद वह मध्य डिवाइडर की कटी जाली से बाइक निकालने लगा। इसी दौरान उधर से गुजरी एक तेज रफ्तार कार बाइक में टकरा गई जिससे मंगल उछलकर दूर जा गिरा और बाद में उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वही दुर्घटनाग्रस्त कार सवार एटा जिले के सदर क्षेत्र के चंदपुर निवासी चालक रजनीश, राजपाल सिंह, लकी और सूरजमुखी यह लोग बाल बाल बच गए।सूचना पर दमकल विभाग, यूपीडा और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। कोतवाल अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

अब नहीं करेंगे अपराध, नारी शक्ति का करेंगे सम्मान' थाने में 68 शातिर अपराधियों को दी सख्त हिदायत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिले में अपराध और अपराधियों पर लगाम कसने के साथ ही महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने अपना रुख और सख्त कर लिया है। रविवार को 'मिशन शक्ति फेज-6.0' के तहत अचलगंज थाना पुलिस ने क्षेत्र के 68 अभ्यस्त अपराधियों और हिस्ट्रीशीटरों को थाने तलब किया। पुलिस ने इन सभी को अपराध की दुनिया से दूर रहने की कड़ी चेतावनी देते हुए महिलाओं का सम्मान करने की सख्त हिदायत दी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (SSP) जय प्रकाश सिंह के निर्देश पर जिले भर में अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एसपी (उत्तरी) आयुष श्रीवास्तव और सहायक पुलिस अधीक्षक/सीओ बीघापुर प्रदीप कुमार के पर्यवेक्षण में अचलगंज पुलिस ने चोरी, लूट और नकबजनी जैसी वारदातों में शामिल रहे 68 शातिर अपराधियों को थाने पर बुलाया।

महिलाओं से अभद्रता की तो होगी कड़ी कार्रवाई

थाने में मौजूद सभी अपराधियों को पुलिस ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बिगाड़ने या भविष्य में किसी भी आपराधिक गतिविधि में शामिल होने पर उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व उनके प्रति सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। महिलाओं के प्रति किसी भी प्रकार की अभद्रता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अपराधियों ने लिया संकल्प

सख्त हिदायत के बाद थाने में मौजूद हिस्ट्रीशीटरों और अपराधियों ने पुलिस के सामने यह संकल्प लिया कि- नारी शक्ति का सम्मान करेंगे, अब कोई अपराध नहीं करेंगे।र पुलिस ने सभी को समाज की मुख्यधारा में रहकर शांति एवं सद्भाव बनाए रखने के निर्देश दिए। पुलिस की अपील: उन्नाव पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि वे अपराध से दूर रहें, कानून का सम्मान करें और महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने में पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें।

दुकान के बाहर खड़ी बाईकों में लगी आग जलकर हुई राख

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के बीघापुर-पाही रोड पर शनिवार की देर रात ऑटो पार्ट्स की दुकान के सामने खड़ी सात दोपहिया गाड़ियों में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आकर सभी गाड़ियां जलकर राख हो गईं। घटना के बाद दुकान संचालक ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर पुरानी रंजिश के चलते आग लगाए जाने की आशंका जताई है।जगदीशपुर निवासी राजू विश्वकर्मा पुत्र रामनारायण की बीघापुर-पाही रोड पर न्यू राज ऑटो पार्ट्स के नाम से दुकान है, जहां दोपहिया वाहनों की मरम्मत का काम किया जाता है। राजू के अनुसार, वह रोज की तरह शनिवार की देर शाम दुकान बंद करके घर चला गया था। देर रात उसे सूचना मिली कि दुकान के बाहर खड़ी गाड़ियों में आग लग गई है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचा और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक मरम्मत के लिए आईं सातों गाड़ियां जलकर राख हो चुकी थीं।दुकान संचालक ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि पटेल मार्केट में लगे सीसीटीवी कैमरे में एक ब्रेजा कार दिखाई दे रही है, जिसमें कठार निवासी राजकुमार यादव चालक के रूप में नजर आ रहा है। राजू ने आरोप लगाया कि उक्त व्यक्ति उससे पुरानी रंजिश रखता है। इसी आधार पर उसने आग लगाने की आशंका जताते हुए मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है।पुलिस का कहना है कि शिकायत पत्र प्राप्त हुआ है। मामले की जांच कर तथ्यों के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आग लगने के वास्तविक कारण और घटना में किसी की संलिप्तता की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

राम लीला महोत्सव में धनुष यज्ञ लीला का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के कस्बा ऊगू में चल रही सार्वजनिक रामलीला महोत्सव में शनिवार रात धनुष यज्ञ लीला का आयोजन किया गया। लीला में भगवान राम की भूमिका निभा रहे यश तिवारी ,लक्ष्मण की भूमिका निभा रहे शुभ दीक्षित रावण का अभिनव विवेक दीक्षित वाणासुर का अभिषेक दीक्षित परशुराम का आदर्श दीक्षित, जनक का सूर्य प्रकाश पाण्डे और विश्वामित्र का अभिनय कर रहे शिव मंगल द्विवेदी के अभिनय ने सबका मन मोह लिया। राजा जनक का दरबार लगते ही सीता स्वयंबर की घोषणा की गई। घोषणा होते ही देश देशान्तर के महीपाल धनुष तोड़ने का प्रयास करने लगे लेकिन तिल भर भी भगवान शंकर के अजगव धनुष को हिला नहीं सके। इसी बीच स्वयंबर सभा में लंका नरेश रावण और पाताल पुरी के बाणासुर का आगमन होता है और दोनों में तीखी नोक झोक होती है रावण जहां धनुष तोड़ने का प्रयास करता है वहीं बाणासुर सीता को पुत्री समान मानकर उसे रोकता है जिसमें दोनों के बीच रोष भरा संवाद होता है जिसने सबकी बांहें फड़का दी। जनक द्वारा यह कहे जाने पर कि वीर विहीन मही मैं जानी लक्ष्मण की भौहें तन गई और उन्होंने कहा कि जहां राम बैठे हों वहां ऐसी अनुचित बानी नहीं कहनी चाहिए। राम ने लक्ष्मण को शान्त किया और गुरू विश्वामित्र की आज्ञा पाकर अजगव धनुष का खंडन करके सीता जी से विवाह किया। धनुष टूटते ही सियावर रामचन्द्र की जय से वातावरण गुंजायमान हो उठा। धनुष टूटने की आवाज सुनकर महेन्द्राचल से वहां परशुराम का आगमन हुआ। उन्होंने धनुष तोड़ने वाले के विषय में जानकारी मांगी जिसपर राम ने कहा नाथ शंभु धनु भंजनिहारा होइहि कोऊ एक दास तुम्हारा। इतना सुनते ही परशुराम क्रोधित हो गए और कहा नत मारे जैहहिं सब राजा। इतना सुनते ही लक्ष्मण को क्रोध आ गया जिसके कारण लक्ष्मण परशुराम का जोश भरा संवाद हुआ कभी लखन लाल की जय तो कभी परशुराम जी की जय से पूरा लीला पांडाल गूंज उठा। अन्त में राम का सच जानकर परशुराम जी राम की स्तुति करते महेन्द्राचल वापस चले गए। लीला के मंचन के समय मेला कमेटी के लोगों के साथ ऊगू पुलिस चौकी स्टाफ भी सुरक्षा में मुस्तैद रहा। मेला कमेटी के महामंत्री अवधेश दीक्षित ने बताया कि महोत्सव के दौरान लोगों के बैठने किसी प्रकार की असुविधा न होने और सुरक्षा सम्बन्धी व्यवस्था पर पूरी नजर रखी जा रही है।

नवरात्रि विशेष : आस्था, शक्ति और सनातन संस्कृति की दिव्य संगम है त्रिकूट की त्रिदेवी

लेखक - कुंवर शील वर्धन प्रताप नारायण सिंह पत्रकार

हिंदी दैनिक अमन लेखनी लखनऊ

भारत की सनातन संस्कृति में शक्तिसाधना का विशिष्ट महत्त्व है। आदिशक्ति भगवती दुर्गा के विविध स्वरूपों की उपासना केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, अपितु नारीशक्ति, धर्मरक्षा, लोककल्याण और अधर्म पर धर्म की विजय का शाश्वत उद्घोष है। इन्हीं दिव्य शक्तिस्वरूपों में जम्मू-कश्मीर के रियासी जनपद में त्रिकूट पर्वत पर अवस्थित श्री माता वैष्णो देवी का पावन धाम करोड़ों श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का केंद्र है। पर्वतों की सुरम्य शृंखलाओं, प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक चेतना से परिपूर्ण यह शक्तितीर्थ भारतीय धार्मिक परंपरा की अमूल्य धरोहर है।

कटरा से प्रारंभ होने वाली माता के दरबार की यात्रा श्रद्धा, समर्पण और आत्मानुशासन की अनुपम साधना है। दुर्गम पर्वतीय मार्ग पर आगे बढ़ते श्रद्धालुओं के कंठ से प्रस्फुटित ह्यजय माता दीह्न, ह्यपर्वतों वाली माता की जयह्न और ह्यत्रिकुटा की रानी की जयह्न के जयघोष वातावरण को भक्तिरस से आप्लावित कर देते हैं। नवरात्र के दिनों में यहां देश के विभिन्न प्रांतों से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या विशेष रूप से बढ़ जाती है। माता के दर्शन की अभिलाषा में भक्त कठिन चढ़ाई, थकान और प्रतिकूल मौसम की चुनौतियों को भी सहज भाव से स्वीकार कर लेते हैं। उनके लिए यह यात्रा केवल एक धार्मिक गंतव्य तक पहुंचने का उपक्रम नहीं, बल्कि अंतर्मन की शुद्धि, आत्मविश्वास और आध्यात्मिक अनुभूति का पथ है।

पौराणिक आख्यानों में माता वैष्णो देवी की महिमा

श्री माता वैष्णो देवी की उत्पत्ति और महिमा से संबंधित अनेक पौराणिक आख्यान प्रचलित हैं। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की परंपरागत मान्यता के अनुसार, माता वैष्णवी ने भगवान श्रीराम के प्रति श्रद्धा रखते हुए तपस्या और साधना के लिए उत्तर भारत की ओर प्रस्थान किया तथा अंततः त्रिकूट पर्वत की गुफा में अपना तपस्थल बनाया। कालांतर में उनकी आध्यात्मिक महिमा दूर-दूर तक प्रसारित हुई और असंख्य श्रद्धालु उनके दर्शन तथा आशीर्वाद की कामना लेकर वहां पहुंचने लगे।

एक प्रचलित धार्मिक आख्यान के अनुसार, महायोगी गुरु गोरखनाथ के शिष्य भैरवनाथ ने माता वैष्णवी की तपस्या और आध्यात्मिक सामर्थ्य के विषय में जानने की जिज्ञासा से उनका अनुसरण किया। किंतु माता के प्रति उसकी आसक्ति और अनुचित व्यवहार ने उसे मयार्दा के उल्लंघन की ओर प्रेरित किया। माता ने उससे बचने के लिए विभिन्न स्थलों से होते हुए त्रिकूट पर्वत की ओर प्रस्थान किया। मान्यता है कि इसी यात्रा के दौरान माता ने अर्धकुमारी की पवित्र गुफा में तपस्या की और फिर पवित्र भवन स्थित प्राकृतिक गुफा में प्रवेश किया।

भैरवनाथ ने उनका पीछा करना नहीं छोड़ा। अंततः माता ने अपने दिव्य स्वरूप का प्राकट्य किया और भैरवनाथ का संहार किया। अपनी भूल का बोध होने पर भैरवनाथ ने क्षमा याचना की। करुणामयी माता ने उसे क्षमा प्रदान करते हुए यह वरदान दिया कि उनके दर्शन के उपरांत भैरवनाथ के दर्शन करने पर ही श्रद्धालुओं की यात्रा पूर्ण मानी जाएगी। इसी मान्यता के कारण आज भी भक्त माता के भवन में दर्शन के पश्चात भैरव मंदिर पहुंचकर अपनी यात्रा को पूर्णता प्रदान करते हैं।

इस आख्यान का आध्यात्मिक संदेश यह है कि शक्ति का स्वरूप केवल करुणा और ममता तक सीमित नहीं है; आवश्यकता पड़ने पर वही शक्ति अन्याय का प्रतिकार भी करती है। साथ ही, पश्चात्ताप, आत्मबोध और क्षमा की महत्ता भी इस कथा में निहित है।

पवित्र गुफा और तीन पिंडियों का आध्यात्मिक महत्त्व

माता वैष्णो देवी के पवित्र भवन की प्राकृतिक गुफा इस शक्तितीर्थ का प्रमुख आकर्षण है। यहां भगवती के तीन पवित्र पिंडियों के दर्शन किए जाते हैं, जिन्हें महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती की दिव्य शक्तियों का प्रतीक माना जाता है। ये तीनों स्वरूप शक्ति, समृद्धि और ज्ञान की भारतीय आध्यात्मिक अवधारणा को अभिव्यक्त करते हैं। महाकाली अन्याय और आसुरी प्रवृत्तियों के विनाश की प्रेरणा देती हैं, महालक्ष्मी जीवन में समृद्धि, संतुलन और लोकमंगल का संदेश देती हैं, जबकि महासरस्वती विवेक, विद्या और सृजनशीलता की अधिष्ठात्री हैं।

इन तीनों शक्तियों का समन्वित स्वरूप यह प्रतिपादित करता है कि जीवन की सार्थकता के लिए साहस, सद्भाव और ज्ञान का संतुलन आवश्यक है। यही कारण है कि माता के दरबार में पहुंचने वाला श्रद्धालु अपनी व्यक्तिगत कामनाओं की पूर्ति के साथ-साथ मानसिक शांति, पारिवारिक सुख और लोककल्याण की भी प्रार्थना करता है।

आस्था के साथ आधुनिक सुविधाओं का विस्तार

समय के साथ श्री माता वैष्णो देवी का तीर्थक्षेत्र धार्मिक आस्था के साथ-साथ सुव्यवस्थित तीर्थपर्यटन का भी महत्त्वपूर्ण केंद्र बनकर उभरा है। वर्ष 1986 में श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की स्थापना के पश्चात यात्रा के प्रबंधन, श्रद्धालुओं की सुविधा और तीर्थक्षेत्र के विकास को संस्थागत स्वरूप मिला। बोर्ड की ओर से यात्रा मार्ग, विश्रामस्थलों, आवास, पेयजल, स्वच्छता, भोजन और चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार पर निरंतर कार्य किया गया है।

वर्तमान में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यात्रा पंजीकरण, आरएफआईडी आधारित यात्रा प्रवेश कार्ड, ऑनलाइन सेवाएं, आवास आरक्षण तथा निर्धारित मार्ग पर हेलीकॉप्टर और बैटरी कार जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। भवन से भैरव मंदिर तक संचालित रोपवे ने भी श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन व्यवस्थाओं से विशेष रूप से वृद्धजनों और शारीरिक कठिनाइयों का सामना करने वाले यात्रियों को सहायता मिलती है। हालांकि, मौसम, भीड़ और प्रशासनिक निदेर्शों के अनुसार सुविधाओं की उपलब्धता में परिवर्तन संभव है।

श्राइन बोर्ड के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में लगभग 94.84 लाख श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में हाजिरी लगाई, जबकि वर्ष 2025 में यह संख्या लगभग 69.79 लाख रही। ये आंकड़े इस तीर्थ की व्यापक लोकप्रियता के साथ-साथ यात्रा प्रबंधन, सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण की निरंतर आवश्यकता की ओर भी संकेत करते हैं।

विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण भी आवश्यक

त्रिकूट पर्वत की प्राकृतिक संपदा और पारिस्थितिक संतुलन इस तीर्थ की आत्मा हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती आवाजाही के बीच स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, जलस्रोतों की सुरक्षा और पर्वतीय पर्यावरण का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। धार्मिक पर्यटन की सफलता का आकलन केवल यात्रियों की संख्या से नहीं, बल्कि इस बात से भी होना चाहिए कि तीर्थ की प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत भावी पीढ़ियों के लिए कितनी सुरक्षित रखी जा रही है।

इसके लिए प्रशासन, श्राइन बोर्ड, स्थानीय समुदायों और श्रद्धालुओं के बीच समन्वय आवश्यक है। प्रत्येक यात्री का दायित्व है कि वह यात्रा मार्ग पर स्वच्छता बनाए रखे, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को अनियंत्रित ढंग से न फेंके और प्रशासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा निदेर्शों का पालन करे। श्रद्धा तभी सार्थक होती है, जब वह प्रकृति और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का बोध भी कराती है।

शक्ति उपासना का शाश्वत संदेश

नवरात्र का पर्व हमें स्मरण कराता है कि शक्ति की आराधना का वास्तविक उद्देश्य केवल देवी के सम्मुख शीश झुकाना नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करना भी है। अन्याय के विरुद्ध निर्भीकता, दुर्बलों के प्रति करुणा, नारी के सम्मान की रक्षा, ज्ञान के प्रति अनुराग और समाज के प्रति कर्तव्यबोध ही शक्ति-साधना के वास्तविक आयाम हैं।

माता वैष्णो देवी का पावन धाम इसी शाश्वत संदेश का उद्घोष करता है कि श्रद्धा मनुष्य को विनम्र बनाती है, साधना उसे आत्मबल प्रदान करती है और विवेक उसके जीवन को सही दिशा देता है। त्रिकूट पर्वत की पवित्र गुफा में विराजमान माता के दर्शन के लिए उमड़ता जनसमुदाय भारतीय संस्कृति की उस अविच्छिन्न चेतना का प्रतीक है, जो युगों से विविधताओं के बीच आस्था, एकता और आध्यात्मिक समन्वय का सूत्र पिरोती आई है।

नवरात्र के पावन अवसर पर मां वैष्णो देवी के श्रीचरणों में यही प्रार्थना है कि उनकी कृपा से समस्त मानवता में सद्बुद्धि, साहस, करुणा और सद्भाव का संचार हो तथा समाज से अन्याय, अहंकार और वैमनस्य का अंधकार दूर हो। मां भगवती का आशीर्वाद जन-जन के जीवन में सुख, शांति और मंगल का प्रकाश प्रसारित करे।

जय माता दी!

लोकतंत्र का मंच या लाइक्स पाने का प्रपंच

प्रदर्शन
[illegible]
स्वतंत्र पत्रकार

[illegible]

आज की युवा पीढ़ी में 'वायरल' होने की भूख है और वह रील्स संस्कृति के मकड़जाल में बुरी तरह उलझती जा रही है। आज के युवा एक ऐसे इकोसिस्टम में बड़े हो रहे हैं जहां हर पल खुद को साबित करने और लाइक्स, शेयर्स एवं व्यूज बटोरने का दबाव है।

अहंकार छोड़कर संवाद की मेज पर आएं

एसआईआर विवाद
विनीत पाण्डेय
वरिष्ठ पत्रकार

एसआईआर विवाद हाल के दिनों में भारतीय राजनीतिक, सामाजिक और कानूनी विमर्श का एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण तथा संवेदनशील विषय बनकर उभरा है। [illegible]

प्रदर्शनकारियों के हर समूह को किसी न किसी राजनीतिक दल का मोहरा मान लेना या उनकी निष्ठा पर सवाल उठाना किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं कहा जा सकता। इसके बावजूद, एक बात हमेशा सर्वोपरि रहनी चाहिए कि जो कुछ भी हो रहा है, वह पूरी तरह से कानून-सम्मत और संविधान के दायरे में ही होना चाहिए।

[illegible]

पत्रकारिता की प्रतिष्ठा पर गहराता संकट

चौथा स्तंभ
चरण जीत
स्वतंत्र पत्रकार

किसी भी देश के लोकतंत्र की मजबूती के लिए मुख्यतः चार स्तंभों की चर्चा की जाती है। [illegible]

एसआईआर विवाद के बाद समूचे मीडिया जगत के सामने यह चुनौती है कि पत्रकारिता की साख कैसे बचाई जाए? अब समय आ गया है कि जब पत्रकारिता से जुड़े सभी संगठनों और मीडिया घरानों को स्वयं स्पष्ट और पारदर्शी मानक तय करने होंगे। स्वयं ही आत्म-नियमन और आत्म-सुधार की पहल करनी होगी।

[illegible]

संक्षेप

बाइक की टक्कर से साइकिल सवार बुजुर्ग की मौत

पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, आरोपी बाइक चालक पर केस दर्ज

अमेठी ,तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से साइकिल सवार 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह घटना जामो थाना क्षेत्र के कटारी गांव में पानी की टंकी के पास हुई। कटारी गांव के रहने वाले दान बहादुर रात करीब 10 बजे साइकिल से घर जा रहे थे। तभी सामने से आ रही एक पल्सर बाइक ने उनकी साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही आसपास के लोगों ने एंबुलेंस की मदद से दान बहादुर को जामो सीएचसी पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत बताया। मृतक के बेटे अशोक कुमार की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक अमलेश पुत्र कामता प्रसाद के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

शुकुल बाजार में दो बाइकों की टक्कर , एक युवक घायल

साईं गंज चौराहे के पास हुआ हादसा, जिला अस्पताल रेफर किया गया

अमेठी , शुकुल बाजार थाना क्षेत्र में साईं गंज चौराहे के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में ग्राम पंचायत तेंदुआ निवासी 22 वर्षीय कमलेश पुत्र रामदेव गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद कमलेश को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल, घायल कमलेश का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस घटना के बारे में और जानकारी का इंतजार है।

सकरावां में महिलाओं-बालिकाओं को सुरक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण की जानकारी

चाइल्ड हेल्पलाइन, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग और मिशन शक्ति टीमों ने हेल्पलाइन नंबर बताए

अमेठी ,सकरावां गांव में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण के लिए जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें चाइल्ड हेल्पलाइन, मानव तस्करी रोधक टीम, महिला थाना और मिशन शक्ति थाना गौरीगंज की टीमों ने हिस्सा लिया। चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव ने महिला कल्याण विभाग की योजनाओं और महिला-बाल सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी टीमों ने महिलाओं और बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने को कहा। किसी भी समस्या, उत्पीड़न या असुरक्षा की स्थिति में संबंधित हेल्पलाइन या पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम का मकसद महिला और बाल सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, मानव तस्करी रोकना और जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाना था। टीमों ने सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित किया।

बीए की छात्रा शिवानी पाठक बनी एक दिन की थाना प्रभारी

मिशन शक्ति के तहत सुनीं फरियादियों की समस्याएं, पुलिस कार्यप्रणाली का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। मिशन शक्ति अभियान के तहत फखरपुर थाने में महिला सशक्तिकरण की अनूठी पहल देखने को मिली। गजाधरपुर बसंता निवासी बीए की छात्रा शिवानी पाठक को एक दिन के लिए थाना प्रभारी बनाया गया। थाने पहुंचने पर पुलिस टीम ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। इस पहल के माध्यम से छात्रा को पुलिस की कार्यप्रणाली समझने और नेतृत्व करने का अवसर मिला। एक दिन की थाना प्रभारी का कार्यभार संभालने के बाद शिवानी पाठक ने थाने पर पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने थाना भवन, मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क और आईजीआरएस प्रणाली का भी निरीक्षण किया।

फरियादियों की समस्याएं सुनकर दिए निर्देशसुनवाई के दौरान हबलपुर निवासी सुमन देवी ने पति-पत्नी के विवाद से संबंधित शिकायत रखी। शिवानी पाठक ने संबंधित इंस्पेक्टर को दोनों पक्षों को बुलाकर मामले का समाधान कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा हसनपुर, मुड़िया और अलीपुर क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याएं भी सुनीं और उनके निस्तारण के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। महिला सुरक्षा के प्रति किया जा रहा जागरूक इस अवसर पर थानाध्यक्ष रामकुमार राजभर ने बताया कि मिशन शक्ति की टीम विद्यालयों, कॉलेजों और कस्बों में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और पुलिस सहायता के प्रति जागरूक कर रही है। अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के साथ उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है। छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ाने की पहल पुलिस की इस पहल से शिवानी पाठक को पुलिस की कार्यप्रणाली को करीब से समझने का अवसर मिला। साथ ही, यह पहल अन्य छात्राओं को भी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और अपनी समस्याओं को सामने रखने के लिए प्रेरित करेगी इस दौरान थानाध्यक्ष रामकुमार राजभर, क्राइम इंस्पेक्टर शिवाकांत वर्मा, एसआई वीरेंद्र सिंह, एसआई जितेश सिंह, मुख्य आरक्षी स्वतंत्र विक्रम सिंह सहित महिला आरक्षी मौजूद रहीं। थाना प्रशासन ने शिवानी पाठक को इस अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

पूर्व विधायक दिलीप वर्मा बसभरिया दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचे, माता रानी के नेत्र पूजन कार्यक्रम में हुए शामिल

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। श्री नव दुर्गा पूजा समिति बसभरिया द्वारा आयोजित भव्य दुर्गा पूजा पंडाल में शनिवार को विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नानपारा व महसी क्षेत्र के पूर्व विधायक दिलीप वर्मा मुख्य अतिथि रूप से उपस्थित रहे पंडाल पहुंचने पर आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं स्थानीय ग्रामीणों ने पूर्व विधायक दिलीप वर्मा का माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेंटकर भव्य स्वागत किया। इसके पश्चात उन्होंने माता रानी के नेत्र पूजन और दर्शन के पावन कार्यक्रम में सहभागिता की। पूर्व विधायक ने विधिवत मंत्रोच्चार के बीच माता रानी के चरणों में शीश नवाया और क्षेत्रवासियों की सुख, शांति व समृद्धि की कामना की।

इस दौरान पूर्व विधायक दिलीप वर्मा ने कहा कि ₹दुर्गा पूजा का त्योहार हमें असत्य पर सत्य की विजय और समाज में भलाई व एकता का संदेश देता है। माता रानी का आशीर्वाद सभी पर बना रहे और हमारा क्षेत्र निरंतर प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़े, यही मेरी प्रार्थना है इस धार्मिक कार्यक्रम में नव दुर्गा पूजा समिति बसभरिया के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे पंडाल परिसर में 'जय माता दी' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अरविन्द वर्मा, मो. सहाबु, बिहारी यादव, उप निरीक्षक भीम सिंह, आरक्षी तनवीर खान, रमेश सोनकर, रजनीश त्रिपाठी, सर्वजीत सोनकर, राम नरेश सोनकर आदि उपस्थित रहे।

दुर्गा पूजा पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने निकलीं एसडीएम मोनालिसा जौहरी

अग्नि एवं विद्युत सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के निर्देश

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा

मोतीपुर, बहराइच। दुर्गा पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी मिहीपुरवा श्रीमती मोनालिसा जौहरी, क्षेत्राधिकारी मिहीपुरवा अमित प्रताप सिंह ने व अवर अभियंता विद्युत के साथ संयुक्त रूप से क्षेत्र के दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्युत सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित दुर्गा पूजा समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।एसडीएम मोनालिसा जौहरी एवं क्षेत्राधिकारी ने दुर्गा पूजा समितियों के अध्यक्षों को निर्देशित किया कि सभी पंडालों में अग्नि सुरक्षा एवं विद्युत सुरक्षा से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएं। विद्युत तारों की सुरक्षित व्यवस्था, बिजली के कनेक्शनों में सावधानी तथा आग से बचाव के आवश्यक इंतजामों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए, ताकि पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की आशंका को रोका जा सके।प्रशासन ने स्पष्ट किया कि धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे में सभी पूजा समितियां सुरक्षा मानकों का गंभीरता से पालन करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।प्रशासन की इस संयुक्त पहल का उद्देश्य दुर्गा पूजा को सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना तथा श्रद्धालुओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है।

खेत गए किसान का दूसरे दिन जंगल में मिला क्षत विक्षत शव, परिवार में मचा कोहराम

कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के रेंज मोतीपुर क्षेत्र का मामला

अमन लेखनी समाचार / मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। खेत को गए किसान का दूसरे दिन क्षत विक्षत शव जंगल से बरामद हुआ है। शव बरामद होने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग व पुलिस विभाग को दी।सूचना पाकर मौके पर वन विभाग तथा थाना मोतीपुर की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। और क्षत विक्षत शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही में जुट गई।कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत राजापुर कला के मजरा बनकटवा निवासी उस्मान (75) शनिवार दोपहर बाद जंगल के किनारे अपने खेत गये हुए थे देर रात घर नहीं पहुंचे तो परिजन उनकी तलाश करने निकले काफी देर रात तक तलाश की लेकिन उस्मान का कहीं अता-पता नहीं चल सका। अनहोनी की आशंका पर सुबह परिजनों ने गांव के लोगों के साथ जंगल के भीतरी हिस्सों में पहुंचकर तलाश शुरू किया रविवार सुबह लगभग आठ बजे के आसपास जंगल के अंदर उस्मान का क्षत विक्षत शव बरामद हुआ।शव बरामद होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शव देखकर लगता था कि बाघ के द्वारा हमला किया गया है क्योंकि उस्मान का एक पैर और शरीर के बीच का पूरा हिस्सा वन्य जीव के द्वारा खा लिया गया, शरीर दो हिस्सों में बरामद हुआप्रभारी वन क्षेत्राधिकारी मोतीपुर केके सिंह के नेतृत्व में डिप्टी रेंजर सत्य प्रकाश वर्मा व प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मा गौड़ टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का जायजा लिया। ग्रामीणों ने बताया कि उस्मान प्रत्येक दिन की तरह शनिवार को भी खेत को गए हुए अनुमान लगाया जाता है कि खेत से ही उस्मान को बाघ दबोच कर ले गया और जंगल में निवाला बनाया। प्रभागीय वनाधिकारी अपूर्व दीक्षित ने बताया कि रविवार सुबह मोतीपुर रेंज क्षेत्र में जंगल से एक क्षत विक्षत शव बरामद होने की सूचना मिली मौके पर वन कर्मियों को भेजा गया शव देखकर लग रहा है कि घटना बाघ के द्वारा घटित की गई है अन्य पहलुओं पर भी जांच की जा रही है नियमानुसार कार्यवाही करते हुए पीड़ित परिवार का सहयोग किया जाएगा। डीएफओ ने बताया कि जंगल में वन्यजीवों की बढ़ती हुई संख्या को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण जंगल के भीतरी हिस्सों में न जाए ,जंगल के आसपास खेतों को जाए तो समूह में जाएं और सतर्क रहें।

एसडीएम-सीओ ने पूजा पंडालों और घाटों की सुरक्षा परखी, दिए आवश्यक निर्देश

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। रविवार को अक्टूबर को एसडीएम और सीओ कैसरगंज ने थाना एवं चौकी प्रभारियों के साथ क्षेत्र के जरवल रोड, गंडारा, कैसरगंज, कुंडासर और फखरपुर में विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने विद्युत सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और घाटों की सुरक्षा का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संबंधित पुलिसकर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। साथ ही पूजा पंडालों में विद्युत सुरक्षा के मानकों का पालन सुनिश्चित करने, यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने और घाटों पर सतर्कता बरतने पर जोर दिया गया।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहे तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

उप्र अपराध निरोधक समिति के तत्वाधान में मां दुर्गा की प्रतिमा से पट्टिका हटाकर किया गया नेत्रपूजन

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति लखनऊ, अध्यक्ष समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण व यशस्वी, चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन पर उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति टीम बहराइच के तत्वाधान में मां नवदुर्गा नेत्र पूजा का मुरलीधर ददौली के पंडित पुरवा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के आयोजक उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति जिला उपाध्यक्ष दुर्गा पूजा कमेटी अध्यक्ष शेर सिंह कसौधन, जिला सचिव/जेल विजिटर जिला कारागार बहराइच केशव कुमार मौर्य, और संगठन मंत्री नवाबगंज एवं प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक एसोसिएशन जिला अध्यक्ष रमेश कुमार मिश्रा रहे। ग्राम पंचायत मुरलीधर ददौली के ग्राम पंडित पुरवा में मां दुर्गा का नेत्र पूजन एवं दर्शन जय माता दी के जयकारा से शुरू किया गया। पूजा अनुष्ठान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य संदीप जयसवाल एवं नवाबगंज पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिश्चंद्र (बंटू भैया) और विशिष्ट अतिथि रुपईडीहा आदर्श नगर पंचायत चेयरमैन डॉ उमाशंकर वैश्य रहे। अतिथियों को स्वागत सम्मान समारोह में अंबिका प्रसाद मिश्रा द्वारा अंगवस्त्र, प्रस्तुति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य हो कि इसी क्रम में ग्राम पंडित पुरवा, मोहनापुर, जैतापुर एवं क्षेत्र के सैकड़ों निवासियों को भी अंग वस्त्र देकर रमेश मिश्रा ने सम्मानित किया। इस पावन शुभ अवसर पर समिति के उप सचिव विनोद कुमार कुशवाहा, तहसील मंत्री पत्रकार श्याम कुमार मिश्रा, नानपारा संगठन मंत्री मोहसिन मलिक, रुपईडीहा नगर सचिव केसरी प्रसाद सोनी उर्फ (गज्जू भैया), मंत्री अब्दुल वाहिद, पूर्व जेष्ठ ब्लॉक प्रमुख सरवन कुमार सहित राकेश वर्मा, माता प्रसाद, इंद्रपाल, सुमेरीलाल, महेश कुमार, अनूप कुमार, दिलीप कुमार, निर्मल कुमार, निरंजन, प्रसाद, विष्णु प्रसाद, दरबारी लाल सोनकर, रतिराम, लालू प्रसाद, आदि सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

नगर पालिका व नगर पंचायतों से नहीं मिलती परिवार रजिस्टर की नकल, चक्कर काटने को मजबूर नगरवासी

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर निकायों (नगर पालिका व नगर पंचायतों) के सीमांत क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के लिए परिवार रजिस्टर की नकल बनवाना एक बड़ी मुसीबत बन गया है। विभिन्न सरकारी-गैर सरकारी कार्यों, योजनाओं का लाभ लेने, राशन कार्ड बनवाने, पेंशन, और जमीनी-कानूनी कागजातों के लिए लोग जब निकाय कार्यालयों के चक्कर काटते हैं, तो उन्हें निराशा ही हाथ लगती है।विभिन्न नगर निकायों से परिवार रजिस्टर की नकल जारी न होने के कारण स्थानीय निवासियों में काफी रोष व्याप्त है। ?जब नगरवासी परिवार रजिस्टर की नकल प्राप्त करने के लिए नगर पालिका या नगर पंचायत कार्यालय जाते हैं, तो स्थानीय निकाय प्रशासन असमर्थता जताते हुए उन्हें लौटा देता है। निकाय अधिकारियों का कहना है कि ₹उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916₹ में नगर निकायों के स्तर पर 'परिवार रजिस्टर' (कुटुम्ब रजिस्टर) के रखरखाव या उसकी नकल जारी करने का कोई स्पष्ट कानूनी प्रावधान नहीं किया गया है। यह व्यवस्था केवल उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम के तहत ग्राम पंचायतों में लागू है। परिणामस्वरूप, जो क्षेत्र ग्रामीण से शहरी (नगर पालिका/नगर पंचायत) में शामिल हो चुके हैं, वहाँ के निवासियों का रिकॉर्ड अटक कर रह जाता है। नागरिकों का कहना है कि ?सरकारी लाभ से वंचित, वृद्धावस्था/विधवा पेंशन, छात्रवृत्ति, राशन कार्ड में नाम संशोधन/जोड़ने और अन्य कार्यों के लिए परिवार रजिस्टर की नकल मांगी जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो पंचायत सचिव से यह नकल आसानी से मिल जाती है, लेकिन शहरी क्षेत्र घोषित होते ही निकाय प्रशासन कानून का हवाला देकर टाल देता है। कई बार तहसील और ब्लॉक कार्यालय भी लोगों को वापस नगर पालिका भेज देते हैं, जिससे नागरिक बीच में पीसकर रह जाते हैं। प्रबुद्ध नागरिकों और समाजसेवियों ने प्रदेश सरकार और शासन-प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 में आवश्यक संशोधन या नया शासनादेश जारी किया जाए, ताकि निकाय स्तर पर भी परिवार रजिस्टर बनाए जा सकें। जिस प्रकार ग्राम पंचायतों के लिए पोर्टल पर परिवार रजिस्टर की व्यवस्था है, उसी प्रकार शहरी निकायों के लिए भी ऑनलाइन नकल जारी करने का प्रावधान किया जाए। जब तक नियमों में संशोधन नहीं होता, तब तक नागरिकों को किसी वैकल्पिक आधिकारिक प्रमाण पत्र (जैसे वार्ड पार्षद/सभासद सत्यापन/निकाय प्रमाण पत्र) के आधार पर काम कराने की छूट दी जाए। ₹जब गांव नगर पंचायत या पालिका में शामिल होते हैं, तो सहूलियतें मिलनी चाहिए, लेकिन यहाँ एक छोटे से कागजात के लिए नगरवासी वर्षों से दंश झेलते हैं। शासन को इस पुराने कानून में तत्काल ढील देनी चाहिए।

दुर्गा पंडालों में पहुंचकर वन विभाग ने लोगों को वन्य जीवों से बचाव के सुझाए टिप्स

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र में वन्य जीवों से प्रभावित गांवों में वन कर्मियों की टीम ने दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंचकर लोगों को वन्यजीवों से बचाव और उनके हमलों से बचने के तौर तरीके सिखाए। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि जंगल के भीतरी हिस्सों में लकड़ी बीनने व मवेशियों को चराने ना जाए। जंगल के किनारे जिन किसानों के खेत है वह समूह में जाएं और लाठी डंडा लेकर जाए।वन विभाग द्वारा बनाई गई सुरक्षा दल की टीम का नेतृत्व कर रहे डिप्टी रेंजर सत्य प्रकाश वर्मा द्वारा तेंदुआ प्रभावित क्षेत्र में निगरानी गश्त के दौरान रेंज स्टाफ व स्थानीय बाघ मित्रों के साथ मुर्तिहा रेंज के बीट 21 सेमरी घटही के अन्तर्गत ग्राम अमृतपुर में माँ दुर्गा पूजा पंडाल में आयोजित देवी जागरण कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों के साथ मंच साझा करते हुए मानव वन्य जीव संघर्ष पर अपील एवं अनुरोध करते हुए संवाद स्थापित किया। जिसमें शामिल पुरुष महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे। संवाद के माध्यम से हिंसक वन्य जीवों से बचने के उपाय बताए गए। डिप्टी रेंजर सत्य प्रकाश वर्मा ने कहा यदि पालतू पशु के लिए चारा काटने जाएं तो पहले खेतों को भली भाति देख ले कहीं कोई वन्य जीव तो नहीं बैठा है ,काम करते समय गले में गमछा लपेट लें। यदि जंगल के किनारे खेतों में कार्य करने जाएं अकेले ना जाएं। घर से बाहर रात्रि में जाएं तो टॉर्च का प्रयोग करें। जंगल के किनारे शौच के लिए बिल्कुल ना जाएं घर में बने शौचालय का प्रयोग करें। मवेशियों को जंगल के किनारे चराने ना ले जाएं मवेशियों को सुरक्षित बाडो में बाँधे। घर के आसपास साफ सफाई रखें। घर के आसपास उजाला की व्यवस्था करें जिससे कोई वन्य जीव छुप ना सके। यदि कोई वन्य जीव दिखाई दे तो अपने नजदीकी वन चौकी के कर्मचारी व अधिकारी को सूचित करें अपने आप को सुरक्षित रखें सतर्क रहें जीवन अमूल्य है। इस मौके पर वन विभाग के साथ ही काफी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण व दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नारी सशक्तिकरण की मिसाल बनीं सृष्टि सिंह, एक दिन के लिए संभाली थानाध्यक्ष की कुर्सी

फरियादियों की समस्याएं सुनीं, पुलिस की कार्यप्रणाली को करीब से जाना

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कैसरगंज थानाध्यक्ष की पहल पर गांव सिदरखा निवासी सृष्टि सिंह को एक दिन के लिए थानाध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान उनके परिजन भी मौजूद रहे। थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने के बाद सृष्टि सिंह ने थाने पर आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनकी शिकायतों को जाना। एक दिन के लिए थानाध्यक्ष बनने का अवसर मिलने से सृष्टि सिंह ने पुलिस की कार्यप्रणाली को करीब से समझा। यह पहल बालिकाओं और महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने तथा उन्हें नेतृत्व की भूमिका के लिए प्रेरित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ऐसे प्रयास समाज में बेटियों को आगे बढ़ने और अपनी क्षमता प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

टीएससीटी ने दो शिक्षकों को दिए कन्यादान सहयोग राशि के चेक

शिक्षक एकता और सेवा भाव की मिसाल बनी संस्था की पहल

अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। टीचर्स सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) की ओर से शुक्रवार को बीआरसी फखरपुर परिसर में कन्यादान चेक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार रहे। इस दौरान ब्लॉक फखरपुर के शिक्षामित्र रामशंकर और ब्लॉक कैसरगंज के शिक्षक अनोखेलाल मौर्य को कन्यादान सहयोग राशि के चेक प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि राकेश कुमार ने संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक शिक्षा के साथ समाज सेवा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। टीएससीटी की कन्यादान योजना जरूरतमंद शिक्षक परिवारों के लिए सराहनीय पहल है। इस अवसर पर दीपक राणा ने कन्यादान विषय पर स्वरचित कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम में टीएससीटी के जिला संयोजक पंकज प्रकाश मिश्रा, जिला सह संयोजक सुभाषचंद वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, ब्लॉक संरक्षक बाबूलाल मौर्य, ब्लॉक संयोजक अखिलेश कुमार मौर्य, मनीष कुमार यादव, कैसरगंज ब्लॉक संयोजक अकील अहमद सहित विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी एवं शिक्षक-शिक्षामित्र मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार चौधरी ने किया। अंत में टीएससीटी ब्लॉक फखरपुर परिवार ने सभी अतिथियों और शिक्षक साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

संक्षेप

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील, डीएम-एसपी का निरीक्षण

1 जनवरी 2027 को 18 साल के होने वाले लोग बीएलओ से मिलें, 24 अक्टूबर को फिर चलेगा अभियान

बागपत ,भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान चल रहा है। जिले के सभी 511 मतदान केंद्रों के 1,081 मतदेय स्थलों पर अभियान दिवस चला डीएम दिव्यांशु पटेल और एसपी पूर्णेन्दु सिंह ने दोपहर करीब 12 बजे बागपत विधानसभा क्षेत्र के कई मतदेय स्थलों (यमुना इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, कंपोजिट विद्यालय सिसाना) का निरीक्षण किया। बीएलओ को निर्देश मिले कि कोई पात्र नागरिक मतदाता बनने से वंचित न रहे। लोकतंत्र के लिए सबकी भागीदारी जरूरी डीएम ने अपील की कि 1 जनवरी 2027 को 18 साल के होने वाले लोग बीएलओ से संपर्क कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं। लोकतंत्र के लिए सबकी भागीदारी जरूरी है। पंजीकरण के लिए भारतीय नागरिकता, संबंधित क्षेत्र का निवासी होना और 18 वर्ष की आयु पूरी करना जरूरी है। दस्तावेजों की जानकारी बीएलओ से मिल सकती है। अभियान का अगला चरण 24 अक्टूबर 2026 को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। एडीएम राजीव कुमार राय, एसडीएम दिग्विजय सिंह और तहसीलदार वर्तिका श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

आशा कार्यकताओं ने स्वास्थ्य सेवाओं के बहिष्कार की चेतावनी दी

बागपत में मानदेय बढ़ाने, 8 सूत्रीय मांगों को लेकर 14वें दिन भी धरना जारी

बागपत, बागपत जिला अस्पताल में अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर आशा-आशा संगिनी कार्यकताओं का धरना-प्रदर्शन लगातार 14वें दिन भी जारी रहा। प्रदर्शन कर रही कार्यकताओं ने शासन और प्रशासन से मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो वे कार्य बहिष्कार कर जन आंदोलन शुरू करेंगी धरने पर बैठी आशा एवं आशा संगिनी कार्यकताओं का कहना है कि वे लंबे समय से स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत अपनी सेवाएं दे रही हैं। गांव-गांव जाकर गर्भवती महिलाओं की देखभाल, बच्चों के टीकाकरण और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके बावजूद उन्हें उनकी जिम्मेदारियों के अनुरूप मानदेय और आवश्यक सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। कार्यकताओं ने मांग की कि आशा एवं आशा संगिनी को राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। आशा कार्यकताओं का मानदेय बढ़ाकर 18 हजार रुपये और आशा संगिनी का मानदेय 26 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाए। इसके अलावा आशा संगिनी को इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई। प्रदर्शन कर रही सभी कार्यकताओं को 10 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा देने और बीमा प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की। इसके साथ ही कार्यकताओं और उनके परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनवाने तथा सभी को 5जी मोबाइल फोन उपलब्ध कराने की मांग भी प्रमुखता से रखी। कार्यकताओं ने कहा कि मौजूदा मानदेय में परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है। उनका कहना है कि लंबे समय से मांगें उठाने के बावजूद समाधान नहीं हुआ है।

विशाल जागरण में मनमोहक झांकियां एवं सुंदर स्वरलहरी ने भक्तों का जीता दिल

पहुंचे क्षेत्राधिकारी ने पूजा अर्चना कर जनमानस को बताएं सुरक्षा व्यवस्था के प्रशासनिक नियम

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर, जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे में चल रहे मां दुर्गा पूजा कमेटी के तत्वावधान में 21 वें महा महोत्सव अंतर्गत मां जगत जननी के दरबार में भव्य जागरण आयोजित किया गया आयोजित जागरण के प्रारंभ में पहुंचे जाफरगंज पुलिस क्षेत्राधिकारी अवनीश कुमार ने मां जगत जननी के दरबार में हाजिरी लगाते हुए वेद मंत्रों की ध्वनि से पूजा अर्चना संपन्न की कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए क्षेत्राधिकारी ने आम जनमानस को प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत हेल्पलाइन नंबर तथा साइबर अपराधों से सुरक्षा हेतु जागरूकता की जानकारी प्रदान की प्रांगण में मौजूद मां दुर्गा पूजा कमेटी के संरक्षक दया शंकर त्रिवेदी अवधेश तिवारी अरुण मिश्रा सुरेंद्र तिवारी बी डी सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश ओमर महामंत्री उमेश कुमार त्रिवेदी प्रसार मंत्री आर्य कुमार पाण्डेय कोषाध्यक्ष राजाराम ओमर रजत प्रताप सिंह सतीश वर्मा कुलदीप तिवारी जितेंद्र वर्मा समेत सभी पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी का बैच अलंकरण अंग वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य सम्मान किया वहीं समिति द्वारा एक बड़ा पुष्प हार क्षेत्राधिकारी को समर्पित किया गया प्रांगण में मौजूद अमौली चौकी प्रभारी अविनाश मिश्रा समेत अन्य पुलिसकर्मियों को भी सम्मानित किया गया कार्यक्रम के शुभारंभ में कानपुर महानगर से आमंत्रित शिवम सांवरिया म्यूजिकल ग्रुप एवं जागरण पार्टी के गायकों ने अपने मुखारविंद से प्रस्तुतियां देकर तालियां बटोरी मंच में मौजूद राष्ट्रीय भजन गायिका उन्नाव से पधारी प्रिया तिवारी खाटूश्याम में समर्पित आगरा से पधारे गायक निर्मल शर्मा फतेहपुर की शान को संपूर्ण प्रदेश तथा देश में विस्तारित कर रही गायिका बेबी प्रांशु टी-सीरीज के गायक दिल्ली से आमंत्रित प्रेम मेहरा शिवम सांवरिया दीपक जयपुरिया अनुज अलबेला समेत दर्जनों स्वर साधक गायको ने अपनी अपनी प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए गीतकारों ने अद्भुत प्रस्तुतियों को प्रस्तुत करते हुए पूरे जन समुदाय को मंत्र मुग्ध कर दिया जहां सुंदर-सुंदर गीत सुनते हुए प्रेम से बोलो जय माता दी सब मिल बोलो जय माता दी बोल सच्चे दरबार की जय जयकारे पूरी रात्रि लगते रहे वही गीत संगीत के मध्य सुंदर-सुंदर झांकियां विनय तेजस्वी अंकित नटराज सनी नाटी ग्रुप द्वारा प्रस्तुत की गई जहां भगवान श्री बांके बिहारी का महारास राधा कृष्ण भगवान शिव द्वारकाधीश तथा भगवान गणेश आदि की सुंदर झांकियां के साथ-साथ भगवान श्री राम का विलाप वीर बजरंगबली तथा लक्ष्मण शक्ति आदि का प्रत्यक्ष प्रदर्शन मंच के माध्यम से किया गया जिसे देख संपूर्ण जनमानस भाव विभोर हो उठा संपूर्ण रात्रि कार्यक्रम के चलते भोर पहर विद्वान आचार्यों के द्वारा तारा रानी की कथा संपन्न हुई वही समूचे जन समुदाय ने मां जगत जननी का महाप्रसाद ग्रहण किया इस मौके पर समिति के सभी पदाधिकारी समेत हजारों की संख्या में जनता जनार्दन मौजूद रही आए हुए सभी भक्तों का समिति के महामंत्री शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी ने सादर आभार व्यक्त किया

घर की दीवार काट कर चोरों ने आभूषण समेत नगदी को लगाया चूना

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर , जनपद के किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव नरैनी कस्बे में एक ग्रामीण के घर की दीवार काटकर सेंध लगाकर अज्ञात चोरों ने नगदी समेत चांदी के आभूषण फरार करते हुए एक बड़ी घटना को अंजाम दिया पीड़ित रघुराज रैदास उर्फ चौधरी ने नजदीकी थाना किशुनपुर में लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि चोरों ने मकान के पीछे की दीवार में सेंध लगा दी जहां दीवार काटकर अज्ञात चोर घर में घुस आए घर में रखें बक्से का ताला तोड़ा तथा बक्से में रखी 400 ग्राम चांदी की करधनी ढाई सौ ग्राम चांदी की पायल 75 ग्राम चांदी की जंजीर 6 बिछिया तथा 5000 रुपए नगद लेकर रफूचक्कर हो गए सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन ने मौके पर जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया वही जानकारी लेने पर नजदीकी पुलिस चौकी विजयीपुर के प्रभारी अखिलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जांच की जा रही है

खड़े रोलर से भिड़ी बाइक चालक की हुई मौत रोलर चालक हुआ घायल

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर , जनपद के गाजीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पखरौली तथा मोहम्मदपुर गांव के मध्य एक खड़े रोलर में मध्य रात्रि समय निकले एक बाइक चालक ने भीषण टक्कर मार दी जहां बाइक चालक की मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार विगत रात्रि शनिवार प्रातः रविवार को मध्य रात्रि में बाइक में सवार 26 वर्षीय युवक गोलू यादव पुत्र बृजेश सिंह यादव निवासी गांव हथेमा रास्ते से निकला बाइक चालक एक एंबुलेंस का चालक भी बताया गया जहां अपाचे मोटरसाइकिल से एक निमंत्रण में शामिल होने के पश्चात वापस घर लौट रहा था वही मध्य रास्ते में खड़े रोलर के पीछे लगी ट्राली में बाइक चालक ने भीषण टक्कर मारी जहां ट्राली के नीचे सो रहे रोलर चालक संजय पुत्र बिंदाप्रसाद निवासी गौरा थाना हथगाव बुरी तरह घायल हुआ वहीं भीषण टक्कर लगने से बाइक चालक की भी स्थिति दयनीय हो गई जानकारी मिलते ही आसपास के पहुंचे ग्रामीण एंबुलेंस के माध्यम से दोनों घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गाजीपुर ले गए जहां चिकित्सकों ने बाइक चालक गोलू यादव को मृत घोषित कर दिया वहीं चिकित्सा के दौरान चिकित्सकों ने देखा कि रोलर चालक संजय के सिर तथा हृदय में गंभीर चोटें हैं जिसे प्राथमिक उपचार करने के पश्चात फतेहपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया यह जानकारी जैसे ही गोलू यादव के परिजनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया वहीं घटनास्थल पर पहुंचे भाई सोनू यादव ने बताया कि मृतक भाई एंबुलेंस आकस्मिक सेवा 108 में बांदा जनपद में कार्यरत था जो लगभग 5 वर्षों से स्वास्थ्य विभाग को सेवा प्रदान कर रहा था प्रशासन ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

19 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ अंतर राज्यीय अभियुक्त हुए गिरफ्तार

अमनलेखनी समाचार

फतेहपुर , जनपद के पुलिस प्रशासन ने वाहन चेकिंग के दौरान तीन अभियुक्तों को भारी मात्रा में अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया मिली जानकारी के अनुसार जनपद के हथगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत छिवलहा चौकी प्रभारी उत्कर्ष मिश्रा ने अपनी टीम में अन्य पुलिसकर्मी दीपक कुमार रवि कुमार शिवम उपाध्याय पवन यादव आदि को लेकर गस्त करते हुए वाहन चेकिंग चला रहे थे जहां मुखबिर द्वारा मिली सटीक सूचना के आधार पर चौकी प्रभारी ने अमिलियापाल से गांव चक आराजीपाल की तरफ जाने वाले मोड़ के समीप तीन अज्ञात लोगों को रोका रोकने पर तीनों व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे जहां पुलिस बल ने तत्काल पकडकर तीनों को हिरासत में ले लिया वही तीनों अभियुक्त की तलाशी ली गई जिनके पास 19 किलो 30 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ वहीं घटना में प्रयुक्त होने वाली एक चार पहिया वाहन महिंद्रा टीयूवी भी मौके में बरामद हुई जानकारी लेने पर तीनों अभियुक्तो ने क्रमशः अपना नाम 37 वर्षीय अनिरुद्ध यादव उर्फ पंकज पुत्र रतीराम यादव ग्राम चरिया पतारा थाना बिधनू जनपद कानपुर नगर 28 वर्षीय अनुभव तिवारी पुत्र भैयालाल तिवारी ग्राम लोमर थाना चिल्ला जनपद बांदा तथा 31 वर्षीय अनूप कुमार द्विवेदी पुत्र स्वर्गीय जयप्रकाश द्विवेदी ग्राम बिसंडी थाना असोथर जनपद फतेहपुर के रूप में बताया वही जानकारी लेने पर हथगांव थाना प्रभारी अरुण कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि हिरासत में लिए गए तीनों अभियुक्त अवैध गांजा की तस्करी करते हैं जिनके ऊपर जनपद के हथगांव थाना समेत कई थानों में अभियोग पूर्व काल से भी पंजीकृत है अभियुक्त कई बार जेल भी जा चुके हैं इस बड़ी कार्यवाही के लिए जानकारी मिलते ही जनपद के पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने छिवलहा चौकी प्रभारी उत्कर्ष मिश्रा की सराहना करते हुए आर्थिक धनराशि से पुरस्कृत किया

65 बुजुर्ग के ऊपर गिरी कच्ची दीवार हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर , जनपद के गाजीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव खेसहन निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग हरिपाल पासवान पुत्र सुखदेव पासवान की मकान के कच्ची दीवार के नीचे दब जाने से मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार मृतक घर के अंदर था जहां अचानक मकान की कच्ची दीवार मृतक के ऊपर गिर गई आनन-फानन बाहर के लोगों ने दौड़कर मलबा मिट्टी हटाया तथा बुजुर्ग को बाहर निकाला परंतु बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया था सूचना मिलते ही नजदीकी थाना गाजीपुर प्रभारी विनोद कुमार उप निरीक्षक सुमित नारायण तिवारी आदि मौके पर पहुंचे गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गाजीपुर भेजा गया जहां मध्य रास्ते में ही बुजुर्ग की सांसें थम गई यह जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो घर में हाहाकार मच गया वहीं थाना प्रभारी ने शव का पंचनामा करते हुए कब्जे में लेकर शव विच्छेदन गृह फतेहपुर के लिए पोस्टमार्टम हेतु रवाना किया

अपने से आधी उम्र की युवती से रेप

पुलिस को देखते ही बाइक से भाग रहे थे, दोनों को पैर में गोली मारकर पकड़ा

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद ,विजयनगर में युवती से दुष्कर्म के मामले में फरार दो आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। देर रात हुई मुठभेड़ में दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। उनके पास से दो तमंचे, कारतूस, बिना नंबर प्लेट की बाइक और दो मोबाइल बरामद किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, विजयनगर क्षेत्र की रहने वाली युवती ने एक दिन पहले दो लोगों के खिलाफ नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद से पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी मुस्तकीम ने ही रेप किया था, दूसरा वहां मौके पर मौजूद था।

पुलिस को देखकर भागने लगे आरोपी

एसीपी कोतवाली उपासना पांडे ने बताया कि देर रात मुखबिर से सूचना मिली कि मामले में फरार दोनों आरोपी शालीमार नगर स्थित जल निगम प्लांट के पास हैं। इसके बाद विजयनगर थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह ने पुलिस टीम के साथ फ्रेग्रेंस सोसाइटी के पास बैरियर लगाकर चेकिंग शुरू की। इसी दौरान शालीमार नगर की तरफ से एक बाइक पर दो लोग आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो वे बाइक मोड़कर भागने लगे। रास्ता ऊबड़-खाबड़ होने के कारण उनकी बाइक असंतुलित होकर गिर गई। इसके बाद दोनों बाइक छोड़कर भागने लगे और पुलिस पर तमंचे से फायरिंग कर दी। पुलिस ने घेराबंदी कर जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दोनों के पैर में गोली लगी। इसके बाद उन्हें पकड़कर अस्पताल पहुंचाया गया। मुस्तकीम और प्रदीप के रूप में हुई पहचान- थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह के अनुसार, आरोपियों की पहचान मुस्तकीम (48), निवासी चमन कॉलोनी, विजयनगर और प्रदीप (40), निवासी सिद्धार्थ विहार के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से दो अवैध तमंचे, दो कारतूस, बिना नंबर प्लेट की एक बाइक और दो मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। जिसमें युवती की उम्र भी 28 साल के आसपास है। रेप करने वाले मुस्तकीम के दोनों पैर में गोली लगी है, जबकि वहां पर मौजूद दूसरे आरोपी प्रदीप के पैर में एक गोली लगी है।

पैरा एशियन गेम्स में उतरेंगे मेरठ के तीन खिलाड़ी

प्रीति 100-200 मीटर दौड़ में लेंगी हिस्सा, आयुष शॉटपुट और अनुभव दोनों रेस में करेंगे प्रतिभाग

अमन लेखनी समाचार

मेरठ,जापान में आयोजित हो रहे पैरा एशियन गेम्स की आज से शुरूआत हो रही है जिसमे मेरठ के तीन पैरा एथलीट प्रीति पाल, आयुष वर्मा और अनुभव पैरा एशियन गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। तीनों खिलाड़ियों का भारतीय पैरा एथलेटिक्स दल में चयन हुआ है। जापान में होने वाली इस प्रतियोगिता में तीनों से पदक की उम्मीद है। प्रीति पाल टी-35 श्रेणी में 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में हिस्सा लेंगी। आयुष वर्मा एफ-53 श्रेणी में शॉटपुट में दम दिखाएंगे, जबकि अनुभव टी-36 श्रेणी में 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में उतरेंगे।

2024 में दोनों इवेंट में जीते थे कांस्य पदक

मेरठ के गंगानगर की रहने वाली प्रीति पाल ने वर्ष 2024 के पैरालंपिक खेलों में 100 मीटर और 200 मीटर दौड़, दोनों में कांस्य पदक जीते थे। वह वर्तमान में जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में कोच गजेंद्र के नेतृत्व में तैयारी कर रही हैं। वह प्रतिदिन 6 से 8 घंटे अभ्यास कर रही हैं। उनकी तैयारी में जिम, वर्कआउट और मसल्स ट्रेनिंग पर भी ध्यान दिया गया है। प्रीति का कहना है कि उन्होंने अपनी कमियों को दूर करने के लिए मेहनत की है। अब वह प्रतियोगिता के लिए पूरी तरह तैयार हैं और जापान से पदक जीतकर लौटने की उम्मीद कर रही हैं।

अनुभव से भी पदक की उम्मीद

मेरठ के पैरा एथलीट अनुभव टी-36 श्रेणी में 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में हिस्सा लेंगे। वह इससे पहले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी प्रदर्शन कर चुके हैं। नई दिल्ली में हुई इंटरनेशनल पैरा ग्रैंड प्रिक्स में उन्होंने 100 मीटर दौड़ में कांस्य और 200 मीटर में रजत पदक जीता था। अब पैरा एशियन गेम्स में भी उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।

आयुष शॉटपुट में दिखाएंगे दम

मेरठ के सदर बाजार निवासी आयुष वर्मा एफ-53 श्रेणी के पैरा एथलीट हैं। वह भाला फेंक, शॉटपुट और डिस्कस थ्रो में हिस्सा लेते हैं। पैरा एशियन गेम्स में वह शॉटपुट स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। आयुष इससे पहले भी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। वर्ष 2025 में वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स में उन्होंने पांचवां स्थान हासिल किया था। इसके अलावा आठवीं इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 2026 में भी उन्होंने शॉटपुट और भाला फेंक में स्वर्ण पदक हासिल किए थे।

अपहरण कर बच्चा बेचने वालों का एनकाउंटर

3 बदमाशों के पैर में गोली लगी; 5 लाख में डील फाइनल की थी

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर,ग्रेटर नोएडा में 6 साल के बच्चे का अपहरण करने वाले गिरोह की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। इसमें 3 बदमाशों के पैर में गोली लगी। पुलिस ने दो महिलाओं समेत 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से अपहृत बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया। पुलिस ने बदमाशों के पास से एक कार, बाइक, तमंचे और 2 लाख रुपए से ज्यादा की नकदी बरामद की है। आरोपी बच्चे को दिल्ली की एक महिला को 5 लाख रुपए में बेचने की तैयारी कर रहे थे। घटना शाम 4 बजे कासना थाना क्षेत्र में हुई। मुठभेड़ में 3 को लगी गोली, बच्चा बरामद डीसीपी श्रवण कुमार सिंह ने बताया- कासना थाना क्षेत्र में डाढ़ा गोलचक्कर के पास पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने एक कार को रोकने की कोशिश की। कार सवार बदमाश भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो उनकी कार पेड़ से टकरा गई। इसके बाद बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।

मुठभेड़ के बाद स्नैचिंग के 2 आरोपी गिरफ्तार

एक को लगी गोली, तमंचा, नकदी और चोरी की बाइक बरामद

अमन लेखनी समाचार

नोएडा , सेक्टर-20 थाना क्षेत्र में रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में मेरठ निवासी सलमान उर्फ राजा उर्फ मामा घायल हो गया। वहीं, उसके साथी दानिश को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, दोनों स्नैचिंग की घटनाओं में शामिल थे। एडीसीपी अभय कुमार मिश्र ने बताया कि 16 अक्टूबर की रात पुलिस डीएलएफ तिराहे के पास संदिग्ध लोगों और वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वे भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो सेक्टर-18 मल्टीलेवल पार्किंग के सामने झाड़ियों के पास बदमाशों ने पुलिस टीम पर गोली चला दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें सलमान के पैर में गोली लग गई। उसे गिरफ्तार कर अस्पताल भेजा गया। इसके बाद पुलिस ने तलाशी अभियान चलाकर दानिश को भी पकड़ लिया।

तमंचा, नकदी और चोरी की बाइक मिली

पुलिस के मुताबिक, सलमान के पास से .315 बोर का तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस और 12,400 रुपए मिले। दानिश के पास से एक मोबाइल फोन और 2,000 रुपए बरामद हुए। दोनों के पास से अपाचे मोटरसाइकिल भी मिली है। जांच में पता चला कि बाइक दिल्ली के न्यू अशोक नगर थाने में दर्ज चोरी के एक मामले से संबंधित है। सलमान मेरठ के इंचौली क्षेत्र की समसु कॉलोनी का रहने वाला है, जबकि दानिश परीक्षितगढ़ क्षेत्र के जिठोला नारंगपुर गांव का निवासी है।

10 बीघा जमीन, मुआवजे और मकान का विवाद

5 लोगों की मौत से उठे सवाल, बिसरा प्रिजर्व, भाभी ने लगाया जहर खिलाने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

नोएडा,जिस संपत्ति को परिवार के भविष्य का सहारा बनना था, वही अब पांच लोगों की मौत के मामले में अहम सवाल बन गई है। नोएडा के रबूपुरा के नगला श्रीपदम गांव में महेश (37), पत्नी ललिता (35), बेटे लड्डू (11), साक्षत (3) और बेटी मिष्टी (7) की मौत के बाद पैतृक संपत्ति का विवाद सामने आया है। डीआईजी राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि शुरूआती जांच में फूड पॉइजनिंग का मामला लग रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति साफ होगी। देर रात तक पांचों शवों का पोस्टमार्टम कर दिया गया है। पुलिस हर एंगल पर जांच कर रही है। ग्रामीणों के मुताबिक, परिवार के पास करीब 10 बीघा जमीन थी। जमीन के अधिग्रहण पर वर्ष 2009 में यमुना प्राधिकरण से मुआवजा मिला था। इससे बिलासपुर और सिकंदरपुर में भी जमीन खरीदी। अब चर्चा है कि महेश की मां चंद्रावती ने जमीन और मकान अपनी तीन बेटियों के नाम कर दिए थे। इसे लेकर मां-बेटे के बीच अनबन की बात सामने आई है। महेश के पिता किशनलाल रेलवे में कार्यरत थे। करीब 20 साल पहले वह पत्नी चंद्रावती के साथ दिल्ली के खेड़ाकला गांव से नगला पदम आकर रहने लगे थे।

ठंड से बचाव के लिए नगर पंचायत चोपन के कर्मचारियों को वितरित किए गए ट्रैक सूट और जूते

अमन लेखनी समाचार

चोपन/सोनभद्र। आगामी ठंड के मौसम को देखते हुए आदर्श नगर पंचायत चोपन की ओर से कर्मचारियों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रैक सूट, जूते और रिफ्लेक्टर वितरित किए गए। नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली एवं अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में सम्मानित सभासदगण एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस पहल का उद्देश्य ठंड के मौसम में कर्मचारियों को राहत प्रदान करने के साथ-साथ कार्य के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहयोग करना है। नगर पंचायत के कर्मचारी नगर की साफ-सफाई, स्वच्छता व्यवस्था और अन्य आवश्यक सेवाओं को सुचारु बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विशेषकर सफाई कर्मचारियों को सुबह जल्दी तथा कई बार देर शाम तक अपने दायित्वों का निर्वहन करना पड़ता है। ऐसे में ठंड के मौसम में उन्हें अतिरिक्त सुविधाओं और सुरक्षा की आवश्यकता होती है। कर्मचारियों को ट्रैक सूट और जूते उपलब्ध कराना उन्हें ठंड से बचाव में मदद पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस दौरान सभासद राजन जायसवाल, घनश्याम चौधरी, दिव्यविकास सिंह, अनीता बिंद, सलीम कुरैशी, विनीत जाटव, नरेश यादव, अरुण कुमार, नागेंद्र यादव, अशोक सिंघल, जीतू सिंह, राधारमण पांडेय, अभिषेक दुबे, निशांत सिंघल, लिपिक अंकित पांडेय इत्यादि लोग उपस्थित रहे। इस दौरान कर्मचारियों के योगदान की सराहना करते हुए उनके कल्याण एवं सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया गया। नगर की स्वच्छता और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने में कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। ऐसे में उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना उनके प्रति सहयोग और सम्मान की भावना को दशार्ता है।

सीएमओ डॉ. राजेश झा बने राज्य क्षय रोग अधिकारी

सीएमओ के रूप में उनका ऊजार्वान नेतृत्व प्रेरणादायक रहा : डॉ. संतोष श्रीवास्तव

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर जनपद में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. राजेश झा को प्रदेश का राज्य क्षय रोग अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके स्थानांतरण और इस नवीन व महत्वपूर्ण दायित्व मिलने पर स्वास्थ्य विभाग में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर जिला क्षय रोग केंद्र पर जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ. संतोष श्रीवास्तव ने उन्हें इस नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। ?डॉ. संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि गोरखपुर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद पर रहते हुए डॉ. राजेश झा का कार्यकाल बेहद सराहनीय और प्रेरणादायक रहा। उनके ऊजार्वान और नवाचारी नेतृत्व से स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बहुत कुछ नया सीखने और कार्यशैली को बेहतर बनाने का अवसर मिला। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने और क्षय रोग उन्मूलन अभियान को गति देने में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई। ?उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ. झा के व्यापक प्रशासनिक अनुभव और दूरगामी सोच का लाभ अब पूरे प्रदेश को मिलेगा। राज्य क्षय रोग अधिकारी के रूप में वह उत्तर प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। इस दौरान जिला क्षय रोग केंद्र के अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने भी डॉ. झा को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित किया।

सर्वम सेवा संस्था ने 501 टीबी मरीजों को लिया गोद, बांटी पोषण पोटली

सीएमओ ने की पहल की सराहना, एक दिन में 1100 मरीजों को गोद लेने का संकल्प

अमन लेखनी समाचार

मीरजापुर। चुनार टीबी मुक्त भारत अभियान को गति देने के लिए सर्वम सेवा संस्था, वाराणसी ने शनिवार को चुनार के गांधी पार्क परिसर में 501 टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित कर उन्हें गोद लिया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. केके मिश्रा की मौजूदगी में संस्था ने अपने पूर्व में किए गए वादे को पूरा किया। सीएमओ डॉ. केके मिश्रा ने संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि टीबी उन्मूलन में समाज के सक्षम लोगों की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने लोगों से निःक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों की मदद करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से दवा का सेवन करने के साथ संतुलित और पौष्टिक आहार लेना भी जरूरी है। मरीज चिकित्सकों की सलाह का पालन करें, ताकि जल्द स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी सकें।

1100 मरीजों को एक साथ गोद लेने का संकल्प

संस्था की संस्थापक मीनाक्षी भट्टाचार्या और उनके पति संजय भट्टाचार्या ने कार्यक्रम में सहयोग के लिए सभी के प्रति आभार जताया। उन्होंने टीबी उन्मूलन अभियान में आगे भी सहयोग जारी रखने का भरोसा दिया। साथ ही आगामी दिनों में जिले के 1100 टीबी मरीजों को एक ही दिन और एक मंच से गोद लेने का संकल्प व्यक्त किया।

सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध सुविधाओं की दी जानकारी

डिप्टी सीएमओ डॉ. मुकेश प्रसाद ने टीबी मरीजों को सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध जांच और उपचार सुविधाओं की जानकारी दी।

खास समाचार

भरत मिलाप को लेकर डीएम-एसपी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

अमन लेखनी समाचार

मीरजापुर। कछवां क्षेत्र में भरत मिलाप, दशहरा और रामलीला को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार और पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने पर्याप्त पुलिस बल के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने संबंधित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम और एसपी ने भरत मिलाप आयोजन समिति के पदाधिकारियों, दुकानदारों और स्थानीय लोगों से संवाद किया। उन्होंने सभी से आपसी समन्वय बनाए रखने और किसी भी प्रकार का विवाद नहीं करने की हिदायत दी। अधिकारियों ने आयोजन के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

यातायात और पार्किंग व्यवस्था पर विशेष जोर

भरत मिलाप में जुटने वाली संभावित भीड़ को देखते हुए यातायात प्रबंधन, रूट डायवर्जन और वाहनों की पार्किंग के लिए समुचित व्यवस्था करने को कहा गया। प्रमुख चौराहों और महत्वपूर्ण मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि आवागमन सुचारु बना रहे और किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी निरीक्षक कछवां सहित पुलिस और प्रशासन के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

साइबर ठगों से बचने का पुलिस ने बताया मंत्र, ठगी होते ही 1930 पर करें कॉल

जीएसटी कार्यालय में साइबर क्राइम थाना की टीम ने अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों को डिजिटल फ्रॉड, फिशिंग और डिजिटल अरेस्ट से बचाव के बताए तरीके

अमन लेखनी समाचार

महराजगंज जनपद में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और लोगों को डिजिटल ठगी से सुरक्षित रखने के लिए महराजगंज पुलिस ने जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में शनिवार को साइबर क्राइम थाना की विशेष टीम ने जीएसटी कार्यालय, थाना कोतवाली परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए। कार्यक्रम के दौरान टीम ने अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों को ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, फिशिंग और डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अपराधों के बारे में जानकारी दी। साइबर टीम ने बताया कि साइबर ठग नए-नए तरीकों से लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। ऐसे में डिजिटल लेनदेन और इंटरनेट का इस्तेमाल करते समय सतर्कता बरतना बेहद जरूरी है। टीम ने लोगों को सलाह दी कि वे अपने ऑनलाइन खातों के लिए लंबे और अलग-अलग पासवर्ड का इस्तेमाल करें। एक ही पासवर्ड कई खातों में इस्तेमाल करने से बचें और पासवर्ड सुरक्षित रखने के लिए पासवर्ड मैनेजर का उपयोग करें। इसके अलावा खातों की सुरक्षा के लिए मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन (एमएफए), टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन (2ऋअ) और पासकी जैसी सुविधाएं सक्रिय रखने तथा रिकवरी विकल्पों को अपडेट करने की जानकारी दी गई।

ठगी होने पर तुरंत करें शिकायत

साइबर टीम ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है, तो बिना देरी किए हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करे। इसके साथ ही राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल ट्टीशृश्ची.ड्ढश्च५.ल्ल पर शिकायत दर्ज कराए, ताकि समय रहते कार्रवाई कर ठगी की रकम को रोकने की संभावना बढ़ाई जा सके। कार्यक्रम में निरीक्षक राघवेंद्र बहादुर सिंह, उपनिरीक्षक अमित यादव, उपनिरीक्षक सचिन कुमार, कांस्टेबल प्रफुल्ल यादव, हेड कांस्टेबल रामनिवास भार्गव और महिला कांस्टेबल प्राची सहित साइबर क्राइम थाना की टीम मौजूद रही।

मिशन शक्ति फेज-6 के अंतर्गत राजपुर तहसील में पिंक समाधान दिवस का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

चित्रकूट। मिशन शक्ति फेज - 6 के अंतर्गत तहसील सभागार राजपुर में जिलाधिकारी चित्रकूट पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में पिंक समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में चकरोड, आवासीय भूमि, विद्युत, चकबंदी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। इस दौरान कुल 116 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 14 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस में प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों का गंभीरतापूर्वक परीक्षण करते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन स्तर से शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता एवं शिकायतकताओं से प्राप्त फीडबैक की समीक्षा की जाती है। इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता नहीं बरती जानी चाहिए। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस से संबंधित शिकायतों के निस्तारण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि यह माननीय मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकताओं में शामिल है। अतः संबंधित अधिकारी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के साथ ही शिकायतकर्ता से प्राप्त फीडबैक पर भी विशेष ध्यान दें। उन्होंने न्यायालयों में लंबित वादों से संबंधित उन पत्रावलियों, जिनमें आदेश पारित हो चुके हैं, पर शीघ्र परवाना जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परवाना जारी करने में अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित पेशकार या लिपिक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने महिला संबंधी शिकायतों एवं प्रकरणों को विशेष गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित पुलिस क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा जनशिकायतों का प्रभावी निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए और आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी राजापुर पूजा गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी राजापुर यामीन अहमद, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल वर्धन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

खेल मैदान में बच्चों ने दिखाया दमखम, सिरसोती और जरहा की टीमों ने मारी बाजी

न्याय पंचायत स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को मेडल व पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित ।।

अमन लेखनी समाचार

बीजपुर (सोनभद्र) कंपोजिट विद्यालय बीजपुर में आयोजित न्याय पंचायत स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। दौड़ और खो-खो प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता खिलाड़ियों को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। 50 मीटर दौड़ के प्राथमिक बालक वर्ग में अनिल प्रथम और आदित्य द्वितीय रहे, जबकि बालिका वर्ग में सुनैना ने प्रथम तथा रागिनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ के प्राथमिक बालक वर्ग में प्रदीप और बालिका वर्ग में अनुष्का प्रथम रहीं। उच्च प्राथमिक वर्ग की दौड़ में बालक वर्ग से सुनील तथा बालिका वर्ग से सुनीता ने प्रथम स्थान हासिल किया। खो-खो प्रतियोगिता के प्राथमिक बालक, प्राथमिक बालिका और उच्च प्राथमिक बालिका वर्ग में कंपोजिट विद्यालय सिरसोती की टीम विजेता बनी, जबकि उच्च प्राथमिक बालक वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय जरहा की टीम ने बाजी मारी।

25 लाख की हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

एसओजी और जिगना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, 138.40 ग्राम मादक पदार्थ बरामद

अमन लेखनी समाचार

मीरजापुर। एसओजी और जिगना पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार को ग्राम पाली बॉर्डर के पास से दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 138.40 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद की। पुलिस के अनुसार बरामद हेरोइन की अनुमानित कीमत 25 लाख रुपये है। आरोपितों के पास से तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 17 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन और क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में एसओजी व जिगना पुलिस की संयुक्त टीम को मुखबिर से सूचना मिली। इसके आधार पर ग्राम पाली बॉर्डर के पास मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 138.40 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान शनि कुमार (22) पुत्र महेंद्र कुमार निवासी बनरहिया बारी, बरकछा, थाना कोतवाली देहात और सुभाष कुमार (35) पुत्र विष्णु प्रसाद निवासी मंधातापुर, बरकछा कलां, थाना कोतवाली देहात, मीरजापुर के रूप में हुई।

पुलिस ने दोनों आरोपितों के विरुद्ध जिगना थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मुकदमा अपराध संख्या 252/2026 दर्ज किया है। तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल संख्या यूपी 63 एडी 2698 को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत सीज करने की कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की गई है।

आस्था के मंच पर मानवता की मिसालः बीजपुर में छह निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह संपन्न

दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री जीत सिंह खरवार, समाजसेवी रामाज्ञा सिंह व अमरेश तिवारी ने नवदंपतियों को दिया सुखमय दांपत्य जीवन का आशीर्वाद

अमन लेखनी समाचार

बीजपुर (सोनभद्र)। धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और मानव सेवा का अनूठा उदाहरण पेश करते हुए बीजपुर बाजार की दुर्गा पूजा एवं रामलीला समिति ने दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान शुक्रवार की शाम छह निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह संपन्न कराया। समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित इस पुनीत कार्यक्रम में हजारों लोग साक्षी बने। वैवाहिक रस्मों के बीच छह जोड़े परिणय सूत्र में बंधे तो पूरा पंडाल खुशियों और उल्लास से गूंज उठा। समिति की इस सराहनीय पहल की अतिथियों एवं क्षेत्रवासियों ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री जीत सिंह खरवार उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी रामाज्ञा सिंह एवं अमरेश तिवारी ने भी समारोह में सहभागिता की। अतिथियों ने सभी छह नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय दांपत्य जीवन, खुशहाली और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बृजकिशोर गुप्ता के नेतृत्व में समिति की सराहनीय पहल

समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित इस सामूहिक विवाह समारोह ने सामाजिक उत्तरदायित्व की एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग कर समिति ने यह संदेश दिया कि समाज के सामूहिक प्रयासों से जरूरतमंद परिवारों की खुशियों को दोगुना किया जा सकता है। धार्मिक आयोजन को सामाजिक सेवा से जोड़ने की इस पहल की उपस्थित लोगों ने सराहना की।

गाजे-बाजे के साथ निकली बारात, उमड़ा जनसैलाब

सामूहिक विवाह समारोह को यादगार बनाने के लिए बारात की भव्य व्यवस्था की गई थी। सजे-धजे रथों पर सवार दूल्हों की बारात गाजे-बाजे और डीजे की धुन के बीच विवाह स्थल की ओर बढ़ी। सैकड़ों बाराती नाचते-गाते उत्साह के साथ बारात में शामिल हुए। स्वागत द्वार से बारात के आगमन का दृश्य आकर्षण का केंद्र बना रहा और पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल दिखाई दिया। विवाह मंडप में कार्यक्रम शुरू होते ही लोगों की भीड़ जुटने लगी। देखते ही देखते पूरा पंडाल खचाखच भर गया। हजारों लोगों की मौजूदगी में विद्वान आचार्य आदर्श कृष्ण जी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूरे विधि-विधान से विवाह की रस्में संपन्न कराईं। छह जोड़ों के विवाह के साथ ही आयोजन स्थल पर खुशियों का माहौल छा गया।

जब डबल इंजन की सरकार के प्रतिनिधि आपस में लड़ेंगे तो फायदा किसको होगा

अमन लेखनी समाचार

चित्रकूट। जनपद चित्रकूट का प्रजातंत्र राजनीतिक पदाधिकारी के राजनीति से विचलित होता नजर आ रहा है। मऊ मानिकपुर विधानसभा में चमरौहा मैं बनने वाले बड़े पुल को लेकर डबल इंजन भाजपा और अपना दल एस पार्टी के पूर्व विधायक और वर्तमान विधायक आपस में वर्चस्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। डबल इंजन की सरकार अपना महत्व बढ़ाने के लिए विकास करने के लिए वर्तमान में प्रजातंत्र के ऊपर 27 कर लगा दिया और महंगाई आसमान छू रही है। डबल इंजन की सरकार क्या अपने घर से पैसा बनाकर प्रदेश में इतना बड़ा विकास किया है। 15 करोड़ के ब्रिज ने आपस में राजनीति के लड़ाई होने के कारण विवाद बना। जनपद के पदाधिकारी डबल इंजन के तोता होते हैं जो वही पढ़ने हैं जो पढ़ाया जाता है। मऊ महिला का यमुना ब्रिज क्या वर्तमान विधायक के समय की देन है और और जनपद में डबल इंजन की सरकार इतना विकास का पैसा इन चार वर्षों में दिया जो आजादी के पहले कुछ नहीं था। जनपद के प्रतिनिधि जब चुनाव लड़ते हैं तो अपने धंधे का पैसा लगाकर जनता में बांटकर चुनाव जीत जाते इसके बाद अपने धंधा को बढ़ाने के साथ प्रजातंत्र के पैसे से सुख सुविधा लेने लगते हैं। जनपद में डबल इंजन के विधायक आपस में लड़ेंगे तो इसका फायदा समाजवादी पार्टी को होना है। जनपद की जनता को विकास के नाम पर कान पड़कर खींचा जा रहा है और महंगाई शिक्षा सुरक्षा हरिजन एक्ट मुद्दों पर कोई डबल इंजन का ब्राह्मण विधायक प्रतिनिधि अपने जुबान में नहीं लाते हैं। जनपद में 15 करोड़ नहीं बल्कि अरबों रुपए का विकास हो रहा है लेकिन जनपद में डबल इंजन की सरकार में जनता अलग-अलग हजारों संख्या में साथ देने को तैयार हैं इसका मतलब दूसरी पार्टी को फायदा हो जाएगा। जनपद में पहले के सांसद विधायक अपना कोटा भरते थे क्योंकि वह लखपति हुआ करते थे आजादी के बाद एक विधायक मऊ मानिकपुर में आया जो अरबपति हैं कहावतें पैसा बोलता है।

गंगा घाटों पर चला सफाई अभियान, श्रद्धालुओं को प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के लिए किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

मीरजापुर। जिगना नवरात्र के पावन अवसर पर सप्तमी के दिन जिला गंगा समिति और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विंध्यधाम के गुदारा और अखाड़ा घाट पर सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान गंगा वारियर और गंगा प्रहरियों ने घाटों की सफाई कर सिंगल यूज प्लास्टिक व पालीथीन एकत्र की। एकत्रित प्लास्टिक को रिसाइक्लिंग के लिए अलग रखा गया। गंगा वारियर सुभाष चंद्र ओझा ने घाटों पर स्नान करने पहुंचे श्रद्धालुओं को गंगा की स्वच्छता और निर्मलता बनाए रखने के लिए जागरूक किया। उन्होंने लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक और पालीथीन का इस्तेमाल नहीं करने की अपील की। साथ ही स्नान के दौरान साबुन और डिटर्जेंट का प्रयोग न करने तथा बाजार में खरीदारी के लिए जूट या कपड़े के थैले का उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने श्रद्धालुओं से घाटों पर हवन सामग्री, माला-फूल और अन्य अपशिष्ट पदार्थ नहीं फेंकने की अपील की। कहा कि गंगा को स्वच्छ बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

श्रद्धालुओं ने भी बढ़ाया सहयोग

घाटों पर गंगा वारियर और प्रहरियों को सफाई करते देख दूर-दराज से आए श्रद्धालु भी अभियान में शामिल हुए। उन्होंने सफाई कार्य में हाथ बंटाकर गंगा स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान में गंगा प्रहरी राहुल निषाद, सूरज निषाद, ओमनाथ, सप्तमी निषाद, नीरज साहनी सहित अन्य लोग शामिल रहे।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

दिल्ली की तंग गलियों में सुलझाएंगे जुर्म की गुत्थी

मुंबई। अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी जल्द ही निर्देशक ईशान शर्मा की पहली फिल्म 'कबूतर' में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। इसका निर्माण निखिल चौधरी कर रहे हैं, जिसमें फ्रांस और नॉर्वे के निर्माता भी शामिल हैं। दिल्ली की पृष्ठभूमि पर आधारित इस क्राइम-ड्रामा फिल्म की शूटिंग साल 2027 की शुरुआत में दिल्ली में शुरू होगी, जहां नवाजुद्दीन एक अनोखे गली-मोहल्ले के अनोखे जासूस के रूप में जुर्म की गुत्थी सुलझाएंगे। बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, पुरानी दिल्ली की जर्जर इमारतों के बीच रची गई 'कबूतर' की कहानी महबूब नाम के एक गली-मोहल्ले के जासूस महबूब के इर्द-गिर्द घूमती है।

लाइफ Style

यामी

नई नवेली ने जीता दिल या किया निराश?

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री यामी गौतम की नई फिल्म 'नई नवेली' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है और इसके साथ ही फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने वाले दर्शकों की प्रतिक्रियाएं भी सामने आने लगी हैं।

एक्स पर कोई फिल्म की कहानी और यामी के अभिनय को परखता नजर आ रहा है तो कोई इसके स्क्रीनप्ले और निर्देशन पर बात कर रहा है। कुल मिलाकर 'नई नवेली' को लेकर सोशल मीडिया पर दर्शकों के बीच चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। 'नई नवेली' को एक यूजर ने 2.5 स्टार देते हुए लिखा कि यामी और आदिनाथ कोठारे की एक्टिंग तो अच्छी है, लेकिन हॉरर, कॉमेडी और धार्मिक बैकड्रॉप का मेल फिल्म को कमजोर बना देता है। एक अन्य यूजर ने इसे 1.5 स्टार देकर लिखा कि लोककथा और ड्रामा का यह कॉन्सेप्ट दर्शकों को डराने और हंसाने में नाकाम साबित होता है। कुछ ने कहा कि 'नई नवेली' की कहानी बड़े पर्दे पर दर्शकों को बांधने में नाकाम साबित होती है। दर्शकों के मुताबिक, यामी की बेहतरीन स्क्रीन प्रेजेंस एक कमजोर और बेजान कहानी की भेंट चढ़ गई। कॉमेडी कुछ हिस्सों में तो हंसाती है, लेकिन हॉरर सीन खास असर नहीं छोड़ पाते। बैकग्राउंड म्यूजिक अच्छा होने के बावजूद ढीले स्क्रीनप्ले और कमजोर निर्देशन के कारण ये एक औसत से नीचे की फिल्म बनकर रह जाती है। फैंटेसी और पारिवारिक ड्रामा के होते हुए भी बड़े सीन बेअसर साबित होते हैं, जिससे फिल्म दर्शकों का मनोरंजन करने में नाकाम रहती है।

हॉलीवुड मसाला

हॉलीवुड में अच्छी फिल्में नहीं बनती

लॉस एंजिल्स। फेमस एक्टर जैकी चैन ने हाल ही में हॉलीवुड को लेकर एक खुलासा किया है। उनका मानना है कि अब हॉलीवुड में क्वालिटी फिल्में नहीं बनती हैं। अब बड़े प्रोडक्शन हाउस भी बिजनेस पर ही फोकस करते हैं। उन्होंने ये भी बताया कि वो हॉलीवुड छोड़ने वाले थे। इसकी वजह का भी खुलासा किया है। जैकी चैन लीजेंडरी एक्शन स्टार ही नहीं, उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में लंबा वक्त बिताया है। हर फिल्म इंडस्ट्री से वाकिफ होने का तजुर्बा रखते हैं। उनके मार्शल आर्ट्स और कॉमेडी की दुनिया अभी भी मुरीद है।

कोरियाई ड्रामा 'रिप्लाई 1988' का बनेगा रीमेक

लॉस एंजिल्स। 'लापता लेडीज' और 'धोबी घाट' जैसी फिल्में बना चुकीं किरण राव अपनी अगली परियोजना की तैयारी में हैं। उन्होंने बताया कि दक्षिण कोरियाई ड्रामा 'रिप्लाई 1988' को रीमेक के जरिए भारतीय दर्शकों तक पहुंचाना चाहती हैं। 2015 में रिलीज इस ड्रामा-सीरीज को आईएमडीबी पर 9 की रेटिंग से नवाजा गया है। इसकी कहानी युवा दोस्तों के बड़े होने की चुनौतियों पर आधारित है। किरण ने सीरीज की कहानी और पड़ोस में रहने वाले परिवारों के रिश्ते की तारीफ भी की। 'द पीपल्स आवर' कार्यक्रम के दौरान, किरण ने 'रिप्लाई 1988' का भारतीय रीमेक बनाने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने कहा, 'सर्वश्रेष्ठ के-ड्रामा 'रिप्लाई 1988' नामक शो है। यह एक शानदार शो है। इसकी कहानी असल में 1988 में घटित होती है।



गाने में हर स्टेप का सिखाया मतलब...

मुंबई। शरवरी निर्देशक सूरज बड़जात्या की फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' के गाने 'झुमका पटोला' में कुछ नया करने जा रही हैं। उन्होंने बताया कि सूरज बड़जात्या के साथ काम करके उन्हें समझ आया कि डांस सिर्फ अच्छा दिखने के लिए नहीं होता, बल्कि इससे कहानी भी कही जा सकती है। बड़जात्या ने उन्हें सिखाया कि डांस के हर मूव और चेहरे के हाव-भाव का खास मतलब होता है। इससे उनकी परफॉर्मेंस में भी पहले से ज्यादा निखार आया है। बड़जात्या की खासियत है कि वो डांस के जरिए भी कहानी को खूबसूरती से पेश करते हैं। शरवरी के मुताबिक, उनके साथ काम करके वह डांस से एक अलग ही स्तर पर जुड़ पाईं और समझा कि डांस सिर्फ अच्छे मूव्स दिखाने के लिए नहीं, बल्कि कहानी को आगे बढ़ाने का भी जरिया है।



'गनमास्टर जी9' का गाना हुआ जारी

मुंबई। इमरान हाशमी और जेनेलिया डिसूजा की आगामी फिल्म 'गनमास्टर जी9' से नया गाना रिलीज हुआ है। कुछ दिन पहले निर्माताओं ने फिल्म का पहला गाना 'अफसाना बनाया आपने' रिलीज किया था, जिसे लोगों से सकारात्मक प्रतिक्रिया हासिल हुई। अब हिमेश रेशमिया के संगीत में पिरोया गया नया गाना 'दो दिन की जिंदगी' यूट्यूब पर जारी हो गया है, जो फिल्म में इमरान और जेनेलिया के किरदारों पर फिल्मांकित है। बता दें, आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित 'गनमास्टर G9' एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। हिमेश रेशमिया मेलोडीज द्वारा निर्मित 'दो दिन की जिंदगी' गाने को विशाल मिश्रा और श्रेया घोषाल ने अपनी आवाज दी है। इसके लिए बोल जुनैद वसी ने लिखे हैं, जबकि संगीत हिमेश का है। वीडियो में इमरान और जेनेलिया के किरदारों को खूबसूरती से पेश किया गया है।

टीवी मसाला

'कौन बनेगा करोड़पति' की हॉट सीट पर दिखेंगे रणबीर कपूर-साई पल्लवी

मुंबई। रणबीर कपूर और साई पल्लवी की फिल्म 'रामायण 5 नवंबर, 2026 को दुनिया भर में रिलीज होने वाली है। इस दौरान फिल्म की टीम जोरों-शोरों से प्रचार में लगी हुई है। अब रणबीर और साई 'रामायण' के प्रचार के लिए अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18' में नजर आएंगे।

फिल्म के बारे में होगी खास बातचीत : जानकारी के मुताबिक, शो के दौरान दोनों कलाकार अपनी फिल्म के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा कर सकते हैं और अपने अनुभव साझा कर सकते हैं। ये आने वाला एपिसोड काफी दिलचस्प हो सकता है, क्योंकि इसके दौरान रणबीर और अमिताभ एक बार फिर साथ नजर आएंगे। ये दोनों कलाकार 2022 में अयान मुखर्जी की फिल्म 'ब्रह्मास्त्र: पार्ट वन-शिवा' में एक साथ दिखाई दिए थे, जिसमें रणबीर ने 'शिवा' और अमिताभ ने 'गुरु' का किरदार निभाया था।

मल्टी-स्टारर फिल्म है 'रामायण' : नितेश तिवारी के निर्देशन में बनने वाली 'रामायण' में रणबीर भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं और साई माता सीता के किरदार में नजर आने वाली हैं। ये फिल्म दुनियाभर में रिलीज की जाएगी और इसे 40 से अधिक भाषाओं में डब किया गया है। इसे 2 पार्ट में बनाया गया है, जिसका दूसरा पार्ट 2027 में दिवाली के समय रिलीज किया जाएगा। इसमें यश रावण के रूप में दिखाई देंगे और कई अन्य जाने-माने सितारे भी नजर आएंगे।

'कॉफी विद करण 9' में सलमान ने सुनाया डरावना किस्सा- देखा नहीं, सिर्फ महसूस किया

मुंबई। करण जौहर के चैट शो 'कॉफी विद करण' का नया सीजन जियोहॉटस्टार पर आ गया है। 14 अक्टूबर को शो के पहले एपिसोड का प्रीमियर किया गया, जिसमें सलमान खान और करिश्मा कपूर शामिल हुए।

बातचीत के दौरान अभिनेता ने अपने घर को लेकर एक डरावने अनुभव का किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया कि गैलेक्सी अपार्टमेंट्स फ्लैट में उनका कमरा भुतिया था। सलमान ने यह भी बताया कि उन्हें अपने कमरे में किसी की मौजूदगी का एहसास होता था। शो के दौरान, करण ने याद किया कि सलमान का गैलेक्सी अपार्टमेंट्स में घर किनना छोटा था। घर का जिक्र आते ही सलमान ने कहा, आपको पता है, उस कमरे में मैं कभी अकेला नहीं रहा। मैं वहां किसी के साथ रहा था, जिसे मैंने कभी देखा ही नहीं, सिर्फ सुना है, सिर्फ महसूस किया है पीछे। हर बार जब मैं बाहर आता, तो खिड़की अपने आप अपनी-खुलती थी। अलमारियां अपने आप खुलती थीं।

अभिजीत सावंत बोले- गाने के 50 रुपए मिलते थे, संघर्ष के दिनों को किया याद

मुंबई। 'मोहब्बतें लुटाऊंगा' और 'मर जावा मिट जावा' जैसे मशहूर गानों को अपनी आवाज देने वाले अभिजीत सावंत लाखों दिलों पर राज करते हैं। 'इंडियन आइडल' शो का पहला सीजन जीतने के बाद वह एक बार फिर 'इंडियन आइडल लेजेंड्स रिटर्न' में अपने सुरों का जादू बिखेरने वाले हैं। इस बीच अभिजीत ने अपने संघर्ष के दिनों को याद किया और बताया कि वह कैसे छोटे-छोटे पंडालों में 50 रुपये के बदले गाना गाया करते थे।

कभी-कभी 100 रुपए मिलते थे

अभिजीत ने कहा, जब मुझे छोटे-छोटे स्टेज पर गाने का मौका मिलता था, वह दिन मेरे जीवन का सबसे खुशी का दिन हो जाता है। मुझे आज भी याद है कि मैं छोटे-छोटे कार्यक्रमों और पंडालों में गाया करता था। कभी-कभी मुझे 100 रुपये मिल जाते थे तो कभी कोई खुशी-खुशी मेरी जेब में 50 रुपये डाल देता था और कहता था था कि लो बेटा, आज कुछ खा लेना।

हमने भगवान को नहीं देखा लेकिन दर्शकों को देखा है

अभिजीत ने कहा, जीवन में उतार-चढ़ाव आते हैं। कई दिन ऐसे भी रहे, जो बहुत अच्छे नहीं थे। जब भी मैं किसी मुश्किल दौर से गुजरता हूं या मेरा दिन खराब जाता है तो मैं उन लोगों के बारे में सोचता हूं, जिन्होंने उस समय मुझे प्यार दिया और ये कहकर उम्मीद जगाई कि मैं अच्छा कर सकता हूं। अभिजीत ने दर्शकों को अपनी ताकत बताया और उनकी तुलना भगवान से की, जो उन्हें काम करने की प्रेरणा देते हैं।

रोशन संग जमेगी सिमर की जोड़ी

फिल्म 'बातों ही बातों में' से मचाएंगी धमाल

मुंबई। वीएलएम पिक्चर्स ने अपनी नई रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'बातों ही बातों में' की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इस फिल्म में रोशन मैथ्यू और अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया की नई जोड़ी पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएगी। धीरज बोस के निर्देशन में बनने वाली इस फिल्म की शूटिंग इसी साल नवंबर से शुरू होगी। ये कहानी रिश्तों में बातचीत, जुड़ाव और आने वाले अनपेक्षित मोड़ों के इर्द-गिर्द घूमती है।

सिमर ने इस फिल्म से रखा था बॉलीवुड में कदम : सिमर भाटिया ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत श्रीराम राघवन की फिल्म 'इक्कीस' से की थी, जिसमें उन्होंने अगस्त्य नंदा के साथ काम किया और अपने बेहतरीन परफॉर्मेंस से लोगों का ध्यान खींचा। अब वो फिल्म 'बातों ही बातों में' में नजर आएंगी, वहीं, रोशन मैथ्यू साउथ और बॉलीवुड के एक माने हुए अभिनेता हैं। वे आलिया भट्ट की 'डार्लिंग्स', 'कपूर एंड सन्स' और 'उल्झा' जैसी फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों के बीच खास पहचान बना चुके हैं।

विवेक ओबेरॉय को मिली थीं अंडरवर्ल्ड से धमकियां, सालों बाद खोले राज..

मुंबई। अभिनेता विवेक ओबेरॉय ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बॉलीवुड में मौजूद ताकतवर लॉबी को लेकर खुलकर बात की है। इस दौरान उन्होंने अपनी जिंदगी के उस मुश्किल दौर को याद किया, जब उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। विवेक ने बताया कि उस समय हालात इतने बिगड़ गए थे कि उन्हें अंडरवर्ल्ड से भी धमकियां मिलने लगी थीं और इस वजह से लोगों ने उनसे बात करनी बंद कर दी थी।

क्या है पूरा मामला?

बता दें कि साल 2003 में सलमान खान के साथ हुए बहुचर्चित विवाद और प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद विवेक को बॉलीवुड की कई ताकतवर हस्तियों के साथ तनावपूर्ण हालात का सामना करना पड़ा था। इस वजह से उन्हें अंडरवर्ल्ड से धमकियां मिलने लगी थीं।

विवेक को किया गया बहुत परेशान

विवेक ने कहा, मुझे जो गलत लगा, उसके खिलाफ आवाज उठाई और इसके बाद मुझे बहुत परेशान किया जाने लगा। यह मेरे जीवन का बहुत मुश्किल दौर था, क्योंकि सफल फिल्में देने और पुरस्कार जीतने के बावजूद एक ताकतवर लॉबी ने सब कुछ अपने कब्जे में ले लिया। ऐसा होता था कि जिन फिल्मों को मैंने साइन किया था, वहां से लोग पीछे हटने लगे और कहने लगे, सॉरी यार, अब हम तुम्हारे साथ काम नहीं कर सकते।

विवेक के साथ काम किया तो खत्म कर देंगे

विवेक ने बताया कि शुरुआत में कुछ लोग नैतिकता के आधार पर उनके साथ खड़े रहे। हालांकि, कुछ हफ्तों बाद ही वे डर के मारे पीछे हट गए। विवेक ने कहा, लोगों को अंडरवर्ल्ड से फोन आने लगे थे। उन्हें धमकी दी जाती थी कि अगर विवेक के साथ काम किया तो उनका काम तमाम कर दिया जाएगा। इस वजह से वे अपने और अपने परिवार की सुरक्षा की खातिर मेरा साथ छोड़कर दूर चले गए।

'राइज एंड फॉल' में पवन सिंह की वापसी से पलटेगा पूरा खेल

बीच में छोड़ा था पहला सीजन

मुंबई। भोजपुरी अभिनेता और नेता पवन सिंह रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' के दूसरे सीजन में वापसी कर सकते हैं। उन्होंने पहले सीजन में हिस्सा लिया था, लेकिन निजी कारणों से बीच में ही शो छोड़ दिया था। अब दूसरे सीजन में उनकी वापसी को लेकर चर्चाएं तेज हैं। हालांकि, अभी तक उनकी वापसी की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

तेज प्रताप की विदाई, अब पवन की वापसी के चर्चे

'राइज एंड फॉल' के दूसरे सीजन में अब तक कई बदलाव देखने को मिले हैं। कानूनी दिक्कतों के चलते तेज प्रताप यादव को शो छोड़ना पड़ा, जबकि काव्या अनु और राज ग्रोवर बाहर हो चुके हैं। हाल ही में निहारिका तिवारी ने चैलेंज में स्वरा भास्कर को हराकर पहली महिला अल्टीमेट रूलर बनने का खिताब जीता। वीरेंद्र सहवाग के होस्ट किए जा रहे इस शो को अमेजन एमएक्स प्लेयर पर देखा जा सकता है। अब पवन सिंह की वापसी की खबरों ने दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ा दी है।